सुविचार

सितारों तक पहुंचने की इच्छा महत्वाकांक्षा है। दिलों तक पहुंचने की इच्छा बुद्धिमानी है।

– माया एंजेलो

Daily

सच के हक में...

THE PHOTON NEWS

द फोटोन न्यूज Published from Ranchi

Ranchi ● Saturday, 11 January 2025 ● Year : 02 ● Issue : 349 ● Ranchi Edition ● Page : 12 ● Price : ₹3 ● www.thephotonnews.com

E-Paper : epaper.thephotonnews.com

12

Wamiqa Gabbi Reacts After...

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने घायल बाघमारा एसडीपीओ के इलाज की ली जानकारी

PHOTON NEWS RANCHI : मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने धनबाद जिले के मधुबन थाना क्षेत्र में दो गुटों के बीच गुरुवार को हुई हिंसक झड़प में घायल बाघमारा के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पुरुषोत्तम कुमार सिंह के स्वास्थ्य के बारे शुक्रवार को जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने उनके पिता अशोक सिंह से वीडियो कॉल के माध्यम से बात कर उनके इलाज से संबंधित पूरी जानकारी ली और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार इस कठिन समय में एसडीपीओ के परिवार के साथ पूरी संवेदनशीलता के साथ खड़ी है। उनके इलाज के लिए सरकार हर संभव सहायता प्रदान करेगी। अगर जरूरत पड़ी तो एयरलिफ्ट कर उन्हें बेहतर इलाज के लिए बाहर भेजेंगे।

वीडियो कॉल के माध्यम से पिता अशोक सिंह से बात कर जाना हाल-चाल

बोले सीएम

- जरूरत पड़ी तो एयरलिफ्ट कर बेहतर इलाज के लिए भेजा जाएगा बाहर
- राज्य सरकार अधिकारियों और कर्मचारियों की सुरक्षा को लेकर गंभीर
- सरकारी कर्मचारियों के साथ किसी भी प्रकार की हिंसा बर्दाश्त नहीं

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्य सरकार के अधिकारियों और कर्मचारियों की सुरक्षा को लेकर अपनी प्रतिबद्धता जताई। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार किसी भी श्रेणी के अधिकारी और कर्मचारी की सुरक्षा को लेकर पूरी तरह से प्रतिबद्ध है।

धनबाद जिले के मधुबन थाना क्षेत्र में दो गुटों के बीच हुई थी हिंसक झड़प

घटना की जांच के आदेश

मुख्यमंत्री ने इस हिंसक घटना की गंभीरता को देखते हुए जांच के आदेश दे दिए हैं। उन्होंने कहा कि बाघमारा के मधुबन थाना क्षेत्र में हुई हिंसक झड़प की जांच का आदेश दिया गया है। जो भी लोग इस घटना में दोषी पाए जाएंगे, उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि राज्य सरकार हर स्थिति में अपने कर्मियों की सुरक्षा सुनिश्चित करेगी।

देवता थोड़े ही हूं, गलतियां हो सकती हैं पर बदइरादे से नहीं करूंगा : पीएम मोदी

NEW DELHI @ PTI : शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि वह देवता नहीं, बल्कि मनुष्य हैं और गलतियां उनसे भी हो सकती हैं, लेकिन कभी भी वह बदइरादे से गलती नहीं करेंगे। जेरोधा के सह–संस्थापक निखिल कामथ के साथ एक पॉडकास्ट में संवाद करते हुए मोदी ने यह भी कहा कि उनकी कोई राजनीतिक महत्वाकांक्षा नहीं थी पर हालात की वजह से उन्होंने प्रधानमंत्री पद का तक सफर तय किया। आम जनता से जुड़ने का कोई भी मौका न गंवाने वाले प्रधानमंत्री मोदी का यह पहला पॉडकास्ट है। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर इसे जारी किया। गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में अपने एक भाषण को याद करते हुए मोदी ने कहा कि तब उन्होंने कुछ प्रमुख बातें कही थी। उन्होंने कहा, मैंने कहा था कि मेहनत करने में कोई कमी नहीं रखूंगा। मैं मेरे लिए कुछ नहीं करूंगा। मनुष्य हूं, गलती हो सकती है। बदइरादे से गलत नहीं करूंगा।

जेरोधा के सह-संस्थापक निखिल कामथ के साथ किया संवाद

- नहीं थी कोई राजनीतिक महत्वाकांक्षा, हालात की वजह से पीएम पद तक का किया सफर
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पूरे संवाद को किया है जारी

अहिंसा की वकालत करते थे गांधी : मोदी ने कहा कि जरूरी नहीं है कि नेता लच्छेदार भाषण देने वाला ही होना चाहिए। उन्होंने कहा, यह कुछ दिन चल जाता है। तालियां बज जाती हैं। लेकिन अंततः जीवटता काम करती है। दूसरा मेरा मत है कि भाषण कला से भी ज्यादा महत्वपूर्ण है संवाद कला। आप संवाद कैसे करते हैं। उन्होंने कहा, अब देखिए, महात्मा गांधी हाथ में अपने से भी ऊंचा डंडा रखते थे, लेकिन अहिंसा की वकालत करते थे।

मिशन नहीं, एंबिशन लेकर आएं राजनीति में

मोदी ने कहा, राजनीति में अच्छे लोग आते रहने चाहिए। वे मिशन लेकर आएं, एंबिशन लेकर नहीं। मिशन लेकर निकले हैं तो कहीं ना कहीं स्थान मिलता जाएगा। एंबीशन से ऊपर होना चाहिए मिशन। फिर आपके अंदर क्षमता होगी। प्रधानमंत्री ने सवालिया अंदाज में कहा कि आज के युग में नेता की जो परिभाषा आप देखते हैं, उसमें महात्मा गांधी कहां फिट होते हैं। उन्होंने कहा, व्यक्तित्व के लिहाज से उनका शरीर दुबला पतला था, भाषण कला न के बराबर थी।

SHARE		
संसेक्स	:	77,620.21
निफ्टी	:	23,526.50

SARAFA		
सोना	:	7,440
चांदी	:	100.00

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

BRIEF NEWS

युद्ध को लेकर जापान ने रूस पर लगाए नए प्रतिबंध

NEW DELHI : जापान ने यूक्रेन के विरुद्ध युद्ध को लेकर रूस के खिलाफ शुक्रवार को अतिरिक्त प्रतिबंधों को मंजूरी दे दी, जिनमें दर्जनों व्यक्तियों और समूहों की संपत्तियों पर रोक लगाना शामिल है। इसके साथ ही रूस एवं कई अन्य देशों के दर्जनों संगठनों को निर्यात किए जाने पर भी प्रतिबंध लगाए गए हैं। यह प्रतिबंध रूस को अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों से बचने में उसकी मदद करने वालों पर लगाए गए हैं। मुख्य कैबिनेट सचिव योशिमासा हयाशी ने शुक्रवार को कैबिनेट को बताया कि अतिरिक्त प्रतिबंध यूक्रेन पर रूस के आक्रमण के कारण उसके खिलाफ प्रतिबंधों को मजबूत करने के जी–7 के प्रयास के प्रति जापान की प्रतिबद्धता को दशार्ते हैं। जापान ने पहले भी कई बार प्रतिबंध लगाए हैं और नवीनतम कदम प्रधानमंत्री शिगेरु इशिबा द्वारा दिसंबर के मध्य में 'जी–7 ऑनलाइन शिखर सम्मेलन में देश की नीति की पुष्टि करने के एक महीने बाद उठाया गया है।

सफल रहा प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन : जयशंकर

BHUBNESHWAR : विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने यहां आयोजित तीन दिवसीय 18वें प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन को शुक्रवार को बहुत सफल बताया। जयशंकर आठ जनवरी को सम्मेलन की तैयारियों का जायजा लेने यहां पहुंचे थे। मंत्री ने सम्मेलन के दौरान आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की सराहना करते हुए कहा कि बृहस्पतिवार की प्रस्तुति ने भारत और उसके प्रवासी समुदाय के बीच संबंधों को खूबसूरती से पेश किया। उन्होंने कहा, सभी ने बृहस्पतिवार का सांस्कृतिक कार्यक्रम देखा होगा, जिसमें भारत और उसके प्रवासी समुदाय के बीच संबंधों को खूबसूरती से प्रदर्शित किया गया। जयशंकर ने इस कार्यक्रम के दौरान मैसाचुसेट्स प्रौद्योगिकी संस्थान (एमआईटी) और हार्वर्ड विश्वविद्यालय के छात्रों से भी मुलाकात की।

दिल्ली की स्पेशल सेल और झारखंड की एटीएस टीम ने की संयुक्त कार्रवाई

लोहरदगा से दबोचा गया अलकायदा का संदिग्ध आतंकी शाहबाज अंसारी

PHOTON NEWS RANCHI : शुक्रवार को लोहरदगा के सेन्हा थाना क्षेत्र के चितरी गांव से अलकायदा के संदिग्ध आतंकी को दबोच लिया गया। स्पेशल सेल दिल्ली और एटीएस झारखंड टीम ने कांड संख्या 301/24 में आरोपी शाहबाज अंसारी को गिरफ्तार किया गया है। झारखंड एटीएस के एसपी ऋषभ झा ने शाहबाज अंसारी की गिरफ्तारी की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि शुक्रवार सुबह में उसे गिरफ्तार किया गया है। देश की खिलाफत करने और गंभीर आतंकी साजिश रचने को लेकर दिल्ली पुलिस ने केंद्रीय एजेंसियों और अलग-अलग राज्यों की पुलिस की मदद से वर्ष 2024 में झारखंड, दिल्ली और राजस्थान में बड़ी कार्रवाई की थी। झारखंड पुलिस के एटीएस ने अलकायदा इन इंडियन सब कॉटिनेंट के आठ संदिग्धों को गिरफ्तार किया था।

एटीएस के एसपी ऋषभ झा ने की गिरफ्तारी की पुष्टि, कहा- की जा रही आगे की कार्रवाई

- पिछले साल आतंकियों के खिलाफ झारखंड, दिल्ली, राजस्थान में की गई थी बड़ी कार्रवाई
- रांची के एक निजी अस्पताल में कार्यरत डॉ. इश्तियाक को मास्टरमाइंड के तौर पर किया गया था चिह्नित
- गंभीर आतंकी साजिश रचने के मामले में लंबे समय से फरार चल रहा था शाहबाज

- सेन्हा थाना क्षेत्र के चितरी गांव से आतंकी को किया गया है गिरफ्तार
- आज ट्रांजिट रिमांड पर ले जाया जाएगा दिल्ली

गांव में होने की मिली थी गुप्त सूचना

इसी बीच झारखंड एटीएस और दिल्ली की स्पेशल सेल को यह सूचना मिली कि शाहबाज अंसारी अपने गांव चितरी आया हुआ है, जो रांची लोहरदगा के बॉर्डर पर स्थित है। जानकारी मिलने पर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। इस मामले में अब तक झारखंड के रांची के बरियातू से डॉ. इश्तियाक अहमद, हजारीबाग से फैजान अहमद, चान्हो से मो. मोदब्बीर, मो. रिजवान, मुफ्ती रहमतुल्लाह मजहिरी, मतिउर रहमान, एनामुल अंसारी और लोहरदगा के कुडू से इलताफ अंसारी को गिरफ्तार किया गया है।

हजारीबाग से गिरफ्तार हुआ था फैजान अहमद

पिछले वर्ष गिरफ्तार संदिग्धों में रांची के एक निजी अस्पताल में कार्यरत डॉ. इश्तियाक अहमद को मास्टरमाइंड के तौर पर चिह्नित किया गया था। उस दौरान दिल्ली पुलिस ने दिल्ली में एक संदिग्ध को गिरफ्ताएर किया था। जांच में आए तथ्यों के आधार पर 23 अगस्त 2024 को एटीएस के साथ संयुक्त टीम ने दबिश दी। सबसे पहले हजारीबाग से एटीएस की टीम ने फैजान अहमद को गिरफ्तार किया। इसके बाद दिल्ली पुलिस से मिले इनपुट के आधार पर रांची के बरियातू जोड़ा तालाब के अल हसन रेसिडेंसी में एटीएस की टीम ने दबिश दी, जहां से एटीएस की टीम ने इश्तियाक को गिरफ्तार किया था।

16 अगस्त 2024 को भी हुई थी शाहबाज के घर पर छापेमारी

16 अगस्त 2024 को एटीएस की टीम ने लोहरदगा में कुडू के हेंजला कौवाखाप गांव में छापेमारी की थी। एटीएस की टीम यहां अलताफ उर्फ इल्ताफ की तलाश में पहुंची थी लेकिन, वह घर में नहीं मिला। छापेमारी के दौरान उसके घर से दो हथियार और कई आपत्तिजनक दस्तावेज बरामद किए गए थे। इस दौरान शाहबाज के घर पर भी छापेमारी की गई थी, लेकिन वह फरार मिला था।

आज कोर्ट में किया जाएगा पेश

गिरफ्तारी के बाद संदिग्ध आतंकी शाहबाज अंसारी से पूछताछ की गई, लेकिन उसे कोर्ट में पेश नहीं किया गया। जानकारी के अनुसार, स्पेशल ब्यूरो उसे शनिवार को रांची सिविल कोर्ट में पेश करेगा। कोर्ट से आदेश मिलने के बाद उसे ट्रांजिट रिमांड पर दिल्ली ले जाया जाएगा। वहां पूछताछ के बाद अहम खुलासे की जानकारी मिलने की बात कही जा रही है। ऐसा बताया जा रहा है कि इसके बाद झारखंड से और आतंकियों की गिरफ्तारी की संभावना है। झारखंड में आतंकी गतिविधियों पर नकेल कसने के लिए हर स्तर पर तैयारी कर ली गई है।

दो नामजद संदिग्धों समेत कई अन्य लोगों को लिया गया है हिरासत में

मेरठ में एक ही परिवार के पांच लोगों की हत्या

MEERUT @ PTI : शहर की घनी आबादी वाली बस्ती सुहेल गार्डन में एक ही परिवार के पांच लोगों की हत्या कर दी गई और सभी के शव उनके अपने घर में पाए गए। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि मृतकों में शामिल माता-पिता के शव चादर में लिपटे पाए गए जबकि उनकी तीन बच्चियों के शव बोरे में भरकर बेड के बॉक्स में रखे गए थे। मृतकों में एक साल की बच्ची भी शामिल है। मेरठ शहर को दहला देने वाली ये हत्याएं गुरुवार की रात को सामने आईं। पुलिस ने बताया कि इन हत्याओं के लिए दो नामजद संदिग्धों समेत कई अन्य लोगों को हिरासत में लिया गया है। पुलिस ने बताया कि माता-पिता के शव चादर में लिपटे हुए थे और पांचों शवों के सिर पर गहरी चोट और गर्दन पर कटे के निशान थे। पुलिस ने मरने वालों की पहचान मोइन उर्फ मोइनुद्दीन (52), उनकी पत्नी आसमां (45) और उनकी तीन बेटियों अफशां (आठ वर्ष), अजीजा (चार वर्ष) और अदीबा (एक वर्ष) के रूप में की।

पुरानी दुश्मनी का मिल रहा संकेत

थाना लिसाड़ी गेट पुलिस के अनुसार, देर रात आसमां के भाई शमीम ने तहरीर दी जिसमें आसमां की देवरानी नजराना और उसके दो भाइयों को नामजद किया है। पुलिस ने तीन नामजद और दो अज्ञात पर मुकदमा दर्ज किया है। इनमें दो नामजद आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। एसएसपी ने आगे कहा कि मृतकों में से एक के पैर एक चादर से बंधे पाए गए, एक फोरेंसिक टीम और वरिष्ठ अधिकारी साक्ष्य एकत्र कर रहे हैं। परिवार हाल ही में इस क्षेत्र में आया था।

नई उम्मीद : दहाड़ के आधार पर पहचान कर बचाने की हर संभव होगी कोशिश

विलुप्ति की ओर बढ़ रहे तेंदुओं का होगा विशेष संरक्षण

PHOTON NEWS @ RESEARCH DESK : जैव पारिस्थितिकी तंत्र में सभी जीवों यानी पेड़–पौधों और प्राणियों का अपना महत्व होता है। उनका अस्तित्व और उनकी गतिविधियां ईकोसिस्टम के संतुलन के लिए आवश्यक है। सबके आवास और भोजन संबंधी प्राकृतिक व्यवस्था का सुरक्षित रहना भी जरूरी है। जलवायु परिवर्तन और भौगोलिक प्रतिकूलता के कारण असंतुलन पैदा होता है और जीवन के अस्तित्व पर संकट आने लगता है। जो जीव प्रतिकूलता का सामना करते हुए विलुप्ति की ओर बढ़ने लगते हैं, उनकी विशेष सुरक्षा जरूरी हो जाती है। वर्तमान स्थिति में तेंदुए विलुप्ति की ओर तेज गति से बढ़ रहे हैं, इसलिए उनकी सुरक्षा पर खास फोकस किया जा रहा है। इंटरनेशनल यूनियन फॉर कंजर्वेशन ऑफ नेचर (आईयूसीएन) की रेड लिस्ट ऑफ थ्रेटर्ड स्पीसीज के अनुसार, तेंदुओं को विलुप्त होने के रूप में सूचीबद्ध किया गया है। इसका मुख्य कारण निवास स्थान का नुकसान और मानव और वन्यजीव संघर्ष है। अब नई तकनीक से बहुत बड़े क्षेत्रों में तेंदुओं पर नजर रखने में मदद मिलेगी। आबादी का अनुमान लगाने जैसे अधिक जटिल अध्ययनों को बढ़ावा मिलेगा।

जीव वैज्ञानिकों के अनुसार, हर तेंदुए की होती है अलग प्रकार की दहाड़

अनुसंधानकर्ताओं ने दहाड़ के आधार पर उनकी सुरक्षा की निकाली तरकीब

पहली बार की गई इस प्रकार की स्टडी

हाल में हुए विशेष अध्ययन से यह महत्वपूर्ण जानकारी मिली है कि अलग–अलग तेंदुओं को उनकी दहाड़ के आधार पर पहचान की जा सकेगी। इससे उनके संरक्षण में सुविधा होगी। अध्ययन में यह तथ्य सामने आया है कि हर तेंदुए की अपनी अलग दहाड़ होती है। बड़े मांसाहारियों के पहले बड़े पैमाने पर कैमरा ट्रैप और रिकॉर्डिंग सर्वेक्षण में शोधकताओं ने 93 फीसद सटीकता के साथ उनकी आवाज से हर एक तेंदुए की पहचान का दावा किया है।

- तंजानिया के न्येरेरे नेशनल पार्क के 450 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में किया गया विशेष रिसर्च
- बड़े पैमाने पर कैमरा ट्रैप और रिकॉर्डिंग सर्वेक्षण में पहचानी गई आवाज
- अस्थायी पैटर्न का विश्लेषण करने के लिए हुआ मॉडलिंग सिस्टम का इस्तेमाल
- रिमोट सेंसिंग इन ईकोलॉजी एंड कंजर्वेशन में प्रकाशित की गई है विशेष जानकारी

एक किलोमीटर दूर से सुनी जा सकती है आवाज

विशेषज्ञों ने बताया है कि तेंदुओं की दहाड़ अनोखी होती है। इनकी कम आवृत्ति वाली दहाड़ कम से कम एक किलोमीटर दूर से सुनी जा सकती है। आमतौर पर नर तेंदुए दहाड़कर अपने क्षेत्र की रक्षा करते हैं और मादा तेंदुए साथी को आकर्षित करती हैं। अपने शावकों को बुलाती हैं। तेंदुओं की दहाड़ एक विशिष्ट गहरी और कर्कश आवाज होती है, जिसे अक्सर आरा लगाना कहा जाता है। नर और मादा दोनों तेंदुए ये आरी चलाने वाली आवाजें निकालते हैं। तेंदुए कई तरह की गुर्राहटें, झपट्टा, म्याऊं, घुरघुराहट और फुंफकारें भी निकालते हैं।

नीरज चोपड़ा चुने गए 2024 के सर्वश्रेष्ठ भाला फेंक खिलाड़ी

NEW DELHI : पेरिस ओलंपिक के रजत पदक विजेता भारतीय खिलाड़ी नीरज चोपड़ा को विश्व स्तर पर प्रसिद्ध अमेरिकी पत्रिका 'ट्रैक एंड फील्ड न्यूज' ने 2024 में भाला फेंक में दुनिया का सर्वश्रेष्ठ पुरुष एथलीट करार दिया है। पिछले साल ओलंपिक खेलों में पाकिस्तान के अरशद नदीम के बाद दूसरे स्थान पर रहने वाले 27 वर्षीय चोपड़ा ने कैलिफोर्निया स्थित पत्रिका की 2024 की रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल किया है। उन्होंने ग्रेनेडा के दो बार के विश्व चैंपियन एंडरसन पीटर्स को पीछे छोड़ा। नदीम इस सूची में पांचवें स्थान पर हैं, क्योंकि उन्होंने ओलंपिक के अलावा केवल एक अन्य प्रतियोगिता पेरिस डायमंड लीग में हिस्सा लिया था जिसे वह चौथे स्थान पर रहे थे। पेरिस ओलंपिक में उन्होंने 92.97 मीटर भाला फेंककर स्वर्ण पदक जीता था जबकि चोपड़ा ने 89.45 मीटर के साथ रजत पदक हासिल किया था। यह पत्रिका 1948 से प्रकाशित हो रही है और खुद को खेलों की बाइबल मानती है। वह हर साल विश्व और अमेरिकी रैंकिंग प्रकाशित करती है। चोपड़ा 2023 की पुरुषों की भाला फेंक रैंकिंग में भी शीर्ष स्थान पर थे। चोपड़ा ने वर्ष 2024 में कोई डायमंड लीग प्रतियोगिता नहीं जीती तथा वह दोहा, लॉजेन और ब्रुसेल्स में दूसरे स्थान पर रहे। पिछले साल उनकी एकमात्र बड़ी जीत फिनलैंड के तुर्कू में पावो नूरमी खेलों में थी।

बाबूलाल मरांडी ने रघुवर को दिलाई बीजेपी की सदस्यता

लोगों का अभिवादन स्वीकार करते रघुवर। • फोटोन न्यूज

PHOTON NEWS RANCHI : शुक्रवार को झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और ओडिशा के पूर्व राज्यपाल रघुवर दास ने बीजेपी की सदस्यता ग्रहण की। प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने रघुवर दास को पार्टी की सदस्यता दिलाई। सदस्यता ग्रहण करने के बाद रघुवर ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा और वीरों की पावन भूमि झारखंड राज्य की भूमि पर पुरानी भूमिका में लौटकर ऐसा लग रहा है कि जैसे मां के आंचल में वापस आया हूं। राज्यपाल होना गरिमा की बात होती है, लेकिन, संगठन का दास होना गर्व की बात होती है। उन्होंने कहा कि 10 जनवरी का दिन मेरे लिए ऐतिहासिक दिन है, जहां मैं राष्ट्र की राजनीति करने वाले एकमात्र लोकतांत्रिक पार्टी भारतीय जनता पार्टी की 1980 के बाद दूसरी बार सदस्यता ले रहा हूं। रघुवर ने कहा कि 26 अक्टूबर, 2023 को नई दिल्ली में राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को ओडिशा का राज्यपाल बनने से पूर्व मैंने पार्टी की सदस्यता से इस्तीफा सौंपा था। यह मेरे लिए भावुक पल था। आज दूसरी बार सदस्यता लेते हुए मुझे काफी खुशी हो रही है। इसके लिए राष्ट्रीय नेतृत्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी समेत झारखंड के हमारे प्यारे कार्यकताओं के प्रति आभार प्रकट करता हूं।

- बोले रघुवर- संगठन का दास होना गर्व की बात
- 1980 के बाद भारतीय जनता पार्टी की दूसरी बार ले रहा हूं सदस्यता
- भाजपा प्रदेश कार्यालय पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने किया जोरदार स्वागत

जनादेश का करता हूं सम्मान

रघुवार ने कहा कि झारखंड की जनता ने जो जनादेश दिया है, मैं उसका सम्मान करता हूं। झारखंड की जनता ने गठबंधन की सरकार को राज करने का बहुमत दिया है। 'इंडी' गठबंधन ने चुनाव में जो वादे किए थे, उसी के आधार पर उन्हें जनादेश मिला है। साथ ही जनता ने विपक्ष को भी मजबूती के साथ सरकार पर दबाव बनाने का जनादेश दिया है।

लोहरदगा में दुष्कर्म के बाद बच्ची की हत्या के दोषी को फांसी की सजा

2022 को हुई थी घटना, आरोपी ने बच्ची को गला दबाकर मारा, फिर बोरे से छिपा दिया था

AGENCY LOHARDAGA : जिले के बगडू थाना क्षेत्र अंतर्गत अरेया गांव की एक नाबालिग बच्ची से दुष्कर्म के बाद उसकी हत्या करने के दोषी को जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम सह विशेष न्यायाधीश पॉस्को एक्ट अखिलेश कुमार तिवारी ने फांसी की सजा सुनाई है। अरेया निवासी आरोपी इंदर उरांव (25) को धारा 302 में दोषी पाते हुए फांसी की सजा जबकि पॉस्को एक्ट में सश्रम आजीवन कारावास (मृत्यु पर्यंत) एवं पच्चीस हजार रुपये जुर्माना की सजा दी गई है।

उल्लेखनीय है कि 24 दिसंबर, 2022 को दोपहर तीन बजे अरेया गांव में एक छोटी बच्ची सहेलियों के साथ खेल रही थी। इसी बीच इंद्र उरांव वहां पहुंचता है और छोटे-छोटे बच्चों को पांच-पांच रुपये देकर चॉकलेट खरीदने भेज देता है। एक छोटी बच्ची को 50 रुपये देकर साथ में लेकर घूमता है। जब उसकी मां बच्ची को ढूंढती है तो बच्ची नहीं मिली। मां ने इंदर उरांव से पूछा कि उसकी बच्ची कहां है तो वह घबरा गया और भागने लगा। इस दौरान महिला ने इंदर उरांव को पकड़ लिया तो उसने हाथ छुड़ाने के उद्देश्य से उसका गला दबाकर मारने का प्रयास किया। इसी बीच गांव में भीड़ इकट्ठी हो गई तो कुछ लोगों ने कहा कि बच्ची के साथ इंदर उरांव घूम रहा था। जब ग्रामीणों ने उससे कड़ाई से पूछा तो उसने बताया कि सुजीत उरांव के घर के पीछे बच्ची से रेप करने का प्रयास कर रहा था तो वह रोने लगी, जिसके कारण डर से गला दबाकर उसकी हत्या कर दी और गेंदा फूल के पौधे से उसके शरीर पर बोरा डालकर सुला दिया ताकि किसी को कुछ पता ना चल सके। इस संबंध में बगरू थाना में उसके खिलाफ मामला दर्ज हुआ था। न्यायालय ने पूरे मामले में सुनवाई करने के बाद दोषी को फांसी की सजा सुनाई। सरकार की तरफ से लोक अभियोजक मिनी लकड़ा ने बहस की जबकि बचाव पक्ष की ओर से नारायण साहू ने पक्ष रखा। न्यायालय के इस फैसले के बाद बच्ची के परिजनों ने कहा कि बच्ची तो अब इस दुनिया में नहीं है लेकिन इस सजा से वैसे लोगों को एक सबक मिलेगा, जो इस तरह के कुकृत्य करते हैं। उल्लेखनीय है कि इसके पूर्व 2014 में लोहरदगा में एक बच्ची की हत्या के दोषी अलबेल को फांसी की सजा सुनाई गई थी।

अवैध फैक्ट्री का खुलासा 30 लाख की दवा बरामद

PALAMU : पलामू प्रमंडल अंतर्गत गढ़वा जिले की मेराल थाना पुलिस ने शुक्रवार को नकली कीटनाशक दवा बनाने वाली मिनी फैक्ट्री का खुलासा किया है। बस स्टैंड के समीप कर्बला रोड में एक घर से पुलिस ने करीब 30 लाख की नकली कीटनाशक दवा लिथल क्लॉरपाईरीफॉर्म बरामद किया। पुलिस अधीक्षक गढ़वा को जानकारी मिली थी कि मेराल के एक घर में बड़े पैमाने पर नकली कीटनाशक दवा तैयार कर बेचा और आपूर्ति की जाती है। इसी आलोक में छापेमारी कर गीता देवी के घर से रेपर एवं तैयार नकली दवा जब्त की गयी। कंपनी के जांचकर्ता प्रमुख रंजीत कुमार सिंह एवं सहयोगी गोपाल कुमार झा ने नकली दवा में प्रिंट किया गया। दवा की कीमत लगभग तीस लाख रुपए बताया।

जंगली बिल्ली प्रजाति के नवजात का मिला शव, भयभीत रहे लोग

PALAMU : गढवा जिले के रमकंडा प्रखंड के बैरिया जंगल में शुक्रवार को एक जंगली जानवर के नवजात का शव मिला। मवेशी चराने गये चरवाहों की सूचना पर वनकर्मियों ने मामले की जांच की। मृत नवजात को कब्जे में लेकर इसकी पहचान के लिए भंडरिया वन परिसर ले गये। जंगली बिल्ली प्रजाति के नवजात के रूप में की गयी। हालांकि लोग तेंदुआ का बच्चा समझकर भयभीत रहे। जानकारी के अनुसार चरवाहों की सूचना पर उक्त जंगली जानवर के नवजात को देखने के लिये ग्रामीणों की भीड़ लग गयी। ग्रामीण उसे तेंदुआ का मृत बच्चा समझकर उसे गांव ले आये, जिसके बाद वनकर्मियों ने कब्जे में ले लिया।

दो बाइक की टक्कर में पति की मौत, पत्नी घायल

अस्पताल पहुंचे परिजन ● फोटोन न्यूज

KHUNTI : खूंटी-रांची मुख्य मार्ग पर तजना नदी के पास गुरुवार देर रात दो मोटरसाइकिलों के बीच हुई सीधी टक्कर में बेलांगी निवासी दिनेश महतो की मौत हो गई, जबकि दिनेश की पत्नी रानी देवी गंभीर रूप से घायल हो गई। मृतक का शुक्रवार को सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम कराने के बाद पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार दिनेश महतो और उनकी पत्नी गुरुवार रात को खूंटी से अपने गांव बेलांगी जा रहे थे। तजना नदी के पास विपरीत दिशा से आ रही एक बाइक ने दिनेश की बाइक को ठोकर मार दी। इससे दिनेश और उनकी पत्नी घायल हो गये। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को केएस गंगा अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने दिनेश महतो को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष काशीनाथ महतो अस्ताल पहुंचे और मृतक के परिजनों से मिलकर ढांढस बंधाया। काशीनाथ महतो ने कहा कि दिनेश महतो भाजपा के समर्पित कार्यकर्ता थे।

BRIEF NEWS

रामगढ़ में डीसी ने बांटे कंबल

RAMGARH : रामगढ़ जिले में बढ़ती ठंड की वजह से आम जनजीवन काफी प्रभावित हुआ है। न्यूनतम तापमान 6 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच चुका है। शाम ढलने के बाद ठंड की वजह से सड़कों पर भी लोग कम ही निकल रहे हैं। लेकिन कुछ ऐसे लोग इस हाड़ कंपा देने वाली ठंड में सड़क पर ही रहने को मजबूर हैं। ठंड में लोगों के बीच रात में डीसी चंदन कुमार और एसपी अजय कुमार पहुंचे।उन्होंने उन जरूरतमंद लोगों को कंबल ओढ़ाया और ठंड से राहत दी। बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन और सड़कों पर ठंड से परेशान लोगों को जब कंबल की गर्माहट मिली, तो उन्होंने जिला प्रशासन को धन्यवाद दिया।

टाटानगर से चलने वाली 4 ट्रेनें कल से एक सप्ताह रहेंगी रद्द

JAMSHEDPUR : चक्रधरपुर रेल मंडल में विकासात्मक कार्यो के कारण टाटानगर से चलने वाली कई ट्रेनें रविवार से एक सप्ताह तक रद्द रहेंगी। रेलवे द्वारा जारी सर्कुलर के मुताबिक टाटा-आसनसोल-टाटा, टाटा-बरकाकाना-टाटा, झारग्राम-पुरुलिया, आसनसोल-टाटा-आसनसोल मेमू ट्रेन शामिल हैं। वहीं धनबाद-टाटानगर-धनबाद स्वर्णरेखा एक्सप्रेस 12, 13, 15 और 16 जनवरी को आद्रा में शॉर्ट टर्मिनेट होगी। आसनसोल-टाटानगर-आसनसोल मेमू 13 और 16 जनवरी को पुरुलिया में शॉर्ट टर्मिनेट रहेगी। इसके साथ ही रांची-हावड़ा-रांची इंटरसिटी 16 जनवरी को कोटशिला-राजाबेड़ा-जमुईटांड़-आद्रा-मिदनापुर-खड़गपुर के रास्ते चलेगी।

कोडरमा में अवैध खनन रोकने को छापेमारी, पोकलेन जब्त

KODERMA : कोडरमा ज़िले के वन्य प्राणी आश्रयणी क्षेत्र में खनन माफियाओं के द्वारा अवैध खनन बड़े पैमाने पर जारी है। वन प्रमंडल पदाधिकारी वन्य प्राणी प्रमंडल सूरज कुमार के निर्देश पर वन विभाग की टीम ने गुरुवार रात छापेमारी कर एक पोकलेन जब्त किया है। कोडरमा क्षेत्र के इंदरवा चितरपुर स्थित लोमचांची जंगल में अवैध माइका खनन को लेकर छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान टीम ने अवैध खनन में लगे एक पोकलेन मशीन को जब्त किया। छापेमारी के क्रम में अंधेरे का लाभ लेकर चालक फरार हो गया। इस मामले में अवैध खनन को लेकर अवैध उत्खनन में लगे लोगों को चिन्हित करते हुए आवश्यक कार्यवाही की जा रही हैं। रेंजर ने शुक्रवार को बताया कि उनलोगों के ऊपर वन अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया जाएगा। जब्त वाहनों को कोडरमा वन विभाग परिसर में जब्त कर रखा गया है। मौके पर वनपाल प्रभारी उस्मान अंसारी, छत्रपति शिवाजी, दुर्गा माहतो, गोपाल यादव के अलावे हजारीबाग की टीम भी मौजूद थी। उल्लेखनीय है कि विगत 11 दिसंबर को भी वन विभाग के द्वारा लोमचांची मे छापेमारी कर-के तीन शक्तिमान और एक पोकलेन को जब्त किया गया था।

मौके पर मिली पोकलेन मशीन

बिना हेलमेट और बिना सीट बेल्ट के चल रहे लोगों को डीटीओ ने पहनाई माला

RAMGARH : राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अवसर पर शुक्रवार को जिला परिवहन पदाधिकारी मनीषा वत्स के नेतृत्व में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने, यातायात नियमों का पालन कराने के लिए लोगों में जागरूकता लाने को लेकर जिले के विभिन्न चौक चौराहों पर अभियान चलाया गया। इस दौरान बिना हेलमेट और बिना सीट बेल्ट लगाए हुए चल रहे चालकों को माला पहना एवं गुलदस्ता देकर शमिंर्दा किया गया। साथ ही वाहन चलाते समय हेलमेट एवं सीट बेल्ट का प्रयोग जरूर से जरूर करने की अपील की गई। मौके पर जिला परिवहन पदाधिकारी मनीषा वत्स ने जिले के विभिन्न चौक चौराहों पर वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा के नियमों के संबंध में जानकारी देकर लोगों को जागरूक किया।

गोमिया में पुल निर्माण में कार्यरत मुंशी को नक्सलियों ने किया अगवा

अपहरण का सुराग पाने के लिए पुलिस का सर्च ऑपरेशन जारी

PHOTON NEWS BERMO : गोमिया प्रखंड के अति नक्सल प्रभावित क्षेत्र चतरोचट्टी थाना क्षेत्र के नरकंडी गांव में पुल निर्माण कार्य में लगे मुंशी झाजी को गुरुवार रात को नक्सलियों ने अगवा कर लिया, जिसका अब तक कोई सुराग नहीं मिल सका है। घटना के 18 घंटे बाद भी पुलिस अगवा मुंशी को मुक्त करने में काफी दूर नजर आ रही है। कंस्ट्रक्शन कंपनी के मुंशी को किस उद्देश्य से अगवा किया गया है, इसका कुछ पता नहीं चल सका है। इधर, इस तरह की घटना की जानकारी मिलने के बाद गोमिया पुलिस सर्किल इंस्पेक्टर महेश प्रसाद सिंह, चतरोचट्टी थाना प्रभारी दीपक राणा समेत कई अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचकर छानबीन कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार चिपरी और नरकंडी गांव के बीच बहने वाली कोणी नदी में उच्चस्तरीय पुल का निर्माण किया जा रहा है। बीती रात को हथियार से लैस नक्सली आए थे। नक्सली दस्ते ने मुंशी को पकड़ा और अपने साथ लेकर जंगल की ओर चले गए हैं।। बताया गया कि इस दौरान मुंशी के साथ मारपीट भी की गई है।

यहीं से हुआ मुंशी का अपहरण ● फोटोन न्यूज

पुल निर्माण कार्य मे मजदूरी कर रहे चेतलाल महतो, भीम महतो, मारवाड़ी महतो आदि ने बताया कि वे सुबह 9 बजे से 5 बजे शाम तक काम करते हैं, गुरुवार को काम समाप्त करने के बाद तक मुंशी झाजी उनके साथ थे किंतु शुक्रवार को काम पर पहुंचे तो निर्माण साईट पर पुलिस को देखकर चौक गए। पूछताछ मे पता चला कि मुंशी झाजी को रात में किसी के द्वारा अगवा कर लिया गया है। वे पुल के नजदीक ही एक किराए के मकान मे रहकर काम संभालते थे। घटना के बाद निर्माण एजेंसी के अन्य कर्मचारी भी दहशत में हैं। वहीं घटना के संबंध सर्किल इंस्पेक्टर महेश प्रसाद सिंह ने कहा पूरे मामले की जानकारी ली जा रही है, पुलिस बल की मदद से अपहृत मुंशी को ढूंढने के लिए सर्च अभियान चला जा रही है।

जेजेएमपी सुप्रीमो पप्पू लोहरा समेत तीन के घर पुलिस ने चिपकाए इश्तेहार

AGENCY PALAMU : पलामू जिले की सतबरवा पुलिस ने शुक्रवार को लातेहार जिले में लंबे समय से फरार चल रहे नक्सली संगठन जेजेएमपी के सुप्रीमो पप्पू लोहरा समेत तीन के घर पर इश्तेहार चिपकाया। घर के अलावा सार्वजनिक जगह पर इश्तेहार लगाकर सभी को न्यायालय में उपस्थित होने का निर्देश दिया है। उपस्थित नहीं होने पर कुर्की की कार्रवाई करने की चेतावनी दी है। सतबरवा पुलिस ने बालूमाथ थाना के बालू गांव में फरार उग्रवादी लवलेश जी उर्फ लवलेश गंझू के घर इश्तेहार चिपकाया। इसमें बालूमाथ पुलिस ने भी सहयोग किया। घर एवं सार्वजनिक स्थान पर इश्तेहार लगाते हुए पुलिस ने परिजन और आम लोगों से फरार उग्रवादी को जल्द कोर्ट में सरेंडर करने का निर्देश दिया। केस के अनुसंधानकर्ता सतबरवा के थाना प्रभारी विश्वनाथ कुमार राणा ने शुक्रवार को बताया कि एक सितंबर को सतबरवा थाना में (कांड संख्या 92/23) आर्म्स एक्ट और 17 सीएलए एक्ट के तहत दर्ज किया गया था। मामले में लवलेश जी उर्फ लवलेश गंझू के घर पर ढोल बजाकर इश्तेहार चिपकाया गया। उन्होंने बताया कि आरोपित करीब डेढ़ वर्षों से फरार चल है। वहीं दूसरी ओर लातेहार के सदर प्रखंड के कोने गांव में पप्पू लोहरा तथा गोदना गांव में शिव सिंह उर्फ शिव जी के घर भी इश्तेहार चिपकाया गया। इनके खिलाफ भी सतबरवा थाना में मामला दर्ज था। इसी तरह जेजेएमपी के ही शिव सिंह उर्फ शिव जी के घर पर भी इश्तेहार लगाया गया।

आरोपी के घर पोस्टर के साथ पुलिसकर्मी व स्थानीय लोग ● फोटोन न्यूज

छात्राओं ने किया नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी का भ्रमण

KHUNTI : जिले के कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय कालामाटी की कक्षा 12वीं की 64 विज्ञान छात्राओं ने हाल ही में नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एनआईटी) जमशेदपुर का शैक्षणिक दौरा किया। यह प्रेरणादायक दौरा संपूर्ण शिक्षा कवच कार्यक्रम के तहत आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य छात्राओं को प्रतिस्पर्धात्मक परीक्षाओं के लिए तैयार करना और उनके शैक्षणिक दृष्टिकोण को व्यापक बनाना है। एनआईटी जमशेदपुर के प्रोफेसर और छात्रों ने इस शैक्षणिक यात्रा का आयोजन अत्यंत सुव्यवस्थित तरीके से किया।

चुट्टूपालू घाटी में एलपीजी गैस का टैंकर पलटा, जाम हुआ एनएच 33

AGENCY RAMGARH : रामगढ़ जिले के चुट्टूपालू घाटी में शुक्रवार को एलपीजी गैस का टैंकर पलट गया। इस हादसे के बाद राष्ट्रीय राजमार्ग 33 पूरी तरीके से जाम हो गया है। गड़के मोड़ के पास एलपीजी गैस से लदा एक टैंकर अनियंत्रित होकर बीच सड़क पर पलट गया, जिससे रांची-पटना मुख्य मार्ग एनएच 33 का घाटी इलाका पूरी तरह जाम हो गया। एलपीजी गैस टैंकर पारादीप से काठमांडू जा रहा था। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची रामगढ़ पुलिस ने हाइड्रा और क्रेन के साथ-साथ फायर ब्रिगेड की गाड़ियों को बुलाकर एलपीजी गैस से भरे टैंकर को उठाने का प्रयास कर रही है। एलपीजी गैस टैंकर से कोई गैस लीक नहीं हुई और किसी तरह की कोई हानि नहीं हुई। गैस कंटेनर के चालक मो. शमशेर आलम ने बताया कि घाटी के ऊपर रुककर उसने चाय पी और फिर उसने टैंक को बाहर निकाला। घाटी में उसने देखा कि आगे एक ट्रेलर खराब हो गया है, उसने जैसे ही गाड़ी से पास लिया पीछे से रेलवे स्लैब लदे एक खुले ट्रेलर ने उसे साइड से जोरदार टक्कर मार दी और हजारीबाग की ओर भाग गया। इस टक्कर से वह अनियंत्रित हो गया और डिवाइडर से टकराया और सड़क के बीचोंबीच पलट गया। टैंकर में ज्वलनशील पदार्थ एलपीजी गैस थी और उसे नेपाल के काठमांडू ले जाया जा रहा था। रामगढ़ थाना प्रभारी कृष्ण कुमार ने बताया कि घाटी क्षेत्र में एलपीजी गैस टैंकर के दुर्घटनाग्रस्त होने की सूचना मिली थी, जिसके बाद क्रेन हाइड्रा और फायर ब्रिगेड को बुलाकर टैंकर को उठाने का प्रयास किया जा रहा है। दुर्घटना के कारण घाटी पूरी तरह से जाम हो गया है।

घटनास्थल पर टैंकर को सीधा करता लिफ्टर ● फोटोन न्यूज

39 ज्ञान केंद्रों का हुआ उद्घाटन, उपायुक्त ने जिलेवासियों से पुरानी किताबें दान करने का किया आग्रह

पंचायत भवन में तैनात किए जाएंगे रात्रि प्रहरी

- डिजिटल पंचायत योजना को प्रभावी बनाने के लिए डीसी ने दिए दिशा-निर्देश
- कहा- सभी पंचायतें की जाएंगी सुविधाओं से लैस

AGENCY RAMGARH : रामगढ़ जिला पंचायती राज कार्यालय की ओर से किए जा रहे कार्यों को लेकर शुक्रवार को डीसी चंदन कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान जिला पंचायतीराज पदाधिकारी निशा कुमारी सिंह के द्वारा पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से पंचायती राज कार्यालय द्वारा किए जा रहे कार्यों, संचालित योजनाओं आदि की जानकारी उपायुक्त, उपविकास आयुक्त सहित अन्य उपस्थित अधिकारियों को दी गई। पंचायत सुदृढ़ीकरण योजना के तहत जिले के अलग-अलग प्रखंडों में स्थित पंचायत भवनों में किए जाने वाले कार्यों की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने पंचायत भवनों में वर्तमान में रात्रि प्रहरी की व्यवस्था से संबंधित प्रतिवेदन 3 दिनों के अंदर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। साथ ही प्राप्त राशि के व्यय हेतु योजना बनाते हुए एक सप्ताह के अंदर प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

बैठक करते उपायुक्त चंदन कुमार (लाल कोट में) ● फोटोन न्यूज

पंचायत ज्ञान केंद्र की समीक्षा के क्रम में जिला पंचायती राज पदाधिकारी द्वारा जानकारी दी गई की पूर्व से चिन्हित 47 पंचायत में 39 पंचायत में पंचायत ज्ञान केंद्र का उद्घाटन 10 जनवरी 2025 को किया जा रहा है। जिस पर उपायुक्त ने शेष पंचायतों में भी जल्द से जल्द पंचायत ज्ञान केंद्र शुरू करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। मौके पर उपायुक्त ने जिले वासियों को पंचायत ज्ञान केंद्र के सफल संचालन के लिए पुरानी किताबें दान कर अथवा किसी अन्य माध्यम से सहयोग करने के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया। डिजिटल पंचायत योजना के अंतर्गत हो रहे विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने पंचायत भवनों के माध्यम से जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र सहित निर्गत किए जाने वाले अन्य दस्तावेजों को लेकर डिजिटल पंचायत योजना का प्रभावी संचालन सुनिश्चित करने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। 15 वे वित्त आयोग के तहत हो रहे कार्यों के संबंध में उपायुक्त ने टाइड एवं अनटाइड फंड के तहत ली गई योजनाओं एवं उनके तहत पूर्ण किए गए कार्यों की जानकारी लेते हुए जल्द से जल्द लंबित कार्यों को पूर्ण करने का निर्देश दिया।

चौकीदार पद के लिए 424 अभ्यर्थियों ने लगाई दौड़

HAZARIBAG : हजारीबाग जिला अंतर्गत चौकीदार के रिक्त पदों पर सीधी नियुक्ति के लिए शुक्रवार को प्रथम दिन का 414 अभ्यर्थियों ने दौड़ लगाई। कर्जन ग्राउंड में हुई शारीरिक परीक्षा में महिला वर्ग से 62 एवं पुरुष वर्ग से 362 अभ्यर्थी शामिल हुए। ज्ञात हो कि चौकीदार पदों पर नियुक्ति के लिए हुई लिखित परीक्षा में कुल 677 उत्तीर्ण हुए हैं, जिनमें 424 अभ्यर्थियों ने आज दौड़ लगाई। शेष बचे अभ्यर्थियों की शारीरिक माप एवं जांच परीक्षा का आयोजन 11 जनवरी को को कर्जन ग्राउंड, नियर पुराना बस स्टैण्ड, हजारीबाग में किया जाएगा। अभ्यर्थी सुबह 6 बजे से कर्जन ग्राउंड, हजारीबाग में उपस्थित होकर दौड़ में हिस्सा लेंगे। इसके साथ ही उन्हें आवश्यक कागजात लाना अनिवार्य होगा।

रेलवे में 1036 पदों के लिए वैकेंसी, रांची में 22 पोस्ट

JAMSHEDPUR : रेलवे भर्ती बोर्ड की ओर से टीचर, लाब्रेरियन, ट्रांसलेटर, स्टाफ एंड वेलफेयर इंस्पेक्टर समेत अन्य 1036 पदों के लिए वैकेंसी निकाली गई है। इस भर्ती के ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। 6 फरवरी तक फॉर्म भरे जाएंगे। इसमें प्राइमरी टीचर से लेकर मिडिल और हाई-हायर सेकेंडरी टीचर तक के पद हैं। जानकारी के मुताबिक सबसे अधिक पद रेलवे भर्ती बोर्ड गुवाहाटी के लिए 169, जबकि बिलासपुर के 153 पद हैं। इसी तरह आरआरबी कोलकाता 130, मुंबई के तहत 112 पद, चेन्नई 76, प्रयागराज 88, भोपाल 66, पटना, 54, मालदा 41, गोरखपुर 49, चंडीगढ़ 22, जम्मू-श्रीनगर 3, अहमदाबाद 4, अजमेर 9, बंगलुरू 12, रांची 22, सिकंदराबाद 16 पद। परीक्षा के लिए आवेदन शुल्क 500 रुपये है। परीक्षा में शामिल होने पर इसमें से 400 रुपये वापस हो जाएंगे। इसी तरह महिलाओं के लिए यह शुल्क 250 रुपये है। परीक्षा में शामिल होने पर पूरे पैसे वापस हो जाएंगे।

मालूम हो कि रेलवे भर्ती बोर्ड की परीक्षाओं में विभिन्न कारणों से फॉर्म निरस्त किए जाते हैं। इसलिए आवेदन करते समय इस पर जरूर ध्यान दें। फॉर्म निरस्त होने के कुछ कारण बताए गए हैं। जैसे आवेदन में जिस फोटो का उपयोग कर रहे हैं, वह अच्छी क्वालिटी का होना चाहिए। चेहरा साफ दिखना चाहिए। खराब फोटो, ग्रुप फोटो, फुल बॉडी व्यू, साइड व्यू, फोटोकॉपी फोटोग्राफ समेत अन्य होने पर फार्म निरस्त हो जाएगा। इसी तरह आवेदन में हस्ताक्षर ब्लॉक व कैपिटल लेटर में नहीं करें, इससे भी फार्म निरस्त होगा। इसलिए रनिंग हैंडराइटिंग में ही हस्ताक्षर करें।

BRIEF NEWS

मौसम विज्ञान विभाग के 150 साल पूरे होने पर लगा हेल्थ कैंप

RANCHI : भारत मौसम विज्ञान विभाग द्वारा स्थापना के 150 वर्ष पूरा होने पर देशभर में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। 15 जनवरी तक कार्यक्रम होंगे। इसी क्रम में मौसम केंद्र रांची ने शुक्रवार 11 से 3 बजे तक एक हेल्थ कैंप लगाया गया। यह कैंप पुराने टर्मिनल भवन स्थित सम्मेलन कक्ष में लगाया गया। आर्किड हॉस्पिटल की ओर से लगाए गए इस कैंप में 15 लोगों ने रक्तदान किया। वहीं फ्री में बीपी, शुगर, ईसीजी, एसपीओ, पल्स और आंखों की जांच की गई। इसमें मौसम केंद्र के अलावा एयरपोर्ट अथॉरिटी के कर्मी, बीसीएएस, एयरलाइंस, सीआईएसएफ के जवानों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इससे पहले बैडमिंटन प्रतियोगिता में 25 खिलाड़ियों ने भाग लिया।

रांची उपायुक्त से मिलीं क्षेत्रीय पासपोर्ट पदाधिकारी

RANCHI : राज्य की क्षेत्रीय पासपोर्ट पदाधिकारी (आईएफएस) मनिता के. ने शुक्रवार को रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री से मुलाकात की। समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त से यह उनकी अनौपचारिक मुलाकात थी। मौके पर उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने उन्हें मोमेंटो एवं शॉल भेंट किया।

रांची में दिनदहाड़े फ्लैट का ताला तोड़कर नकद सहित लाखों की चोरी

RANCHI : शहर के कांके रोड के विद्यापति नगर स्थित ईश्वरी एन्क्लेव में दिनदहाड़े शुक्रवार को लाखों का चोरी का मामला प्रकाश आया है। फ्लैट के मालिक यशवंत सिंह के मुताबिक, घर में कोई नहीं था। दो लोग कार में आये और घर का ताला तोड़कर सात लाख रुपये नकदी और 25 लाख रुपये के आभूषण चोरी कर फरार हो गये। घटना सीसीटीवी में कैद हो गई है। इस संबंध में यशवंत सिंह ने अज्ञात दो चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। डीएसपी संजीव बेसरा ने बताया कि वारदात की जांच-पड़ताल की जा रही है। सीसीटीवी फुटेज मिला है। जल्द ही आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

राज्यपाल से पूर्व सांसद और लेफ्टिनेंट जनरल ने की मुलाकात

RANCHI : राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से पूर्व सांसद रवींद्र कुमार राय ने शुक्रवार को राजभवन में शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान राय ने राज्यपाल को नव वर्ष की शुभकामनायें दीं। राज्यपाल ने भी उन्हें नूतन वर्ष की शुभकामनायें दीं। इसके अलावा राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से लेफ्टिनेंट जनरल राम चंद्र तिवारी, जीओसी-इन-सी, पूर्वी कमान ने राजभवन में शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान तिवारी ने राज्यपाल को नव वर्ष की शुभकामनायें दीं। राज्यपाल ने भी उन्हें नूतन वर्ष की शुभकामनायें दीं।

आईटी टावर से युवाओं को मिलेगा रोजगार

मुख्यमंत्री हेमंत ने की सराहना, जियाडा की देखरेख में किया गया विकसित

यह तकनीकी एवं डिजिटल व्यवसायों के लिए बनेगा एक प्रमुख केंद्र

PHOTON NEWS RANCHI : मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में झारखंड राज्य सरकार ने तकनीकी और डिजिटल विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। नामकुम रांची में स्थित अत्याधुनिक आईटी टावर राज्य को डिजिटल युग की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए तैयार है। मुख्यमंत्री ने अपने सोशल मीडिया हैंडल ह्यएक्सह्न पर इस परियोजना की सराहना करते हुए लिखा है कि आईटी टावर झारखंड के युवाओं के लिए कौशल विकास और रोजगार के नए अवसर पैदा करेगा। यह राज्य को तकनीकी और औद्योगिक क्षेत्र में अग्रणी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। आईटी टावर झारखंड

औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकरण (जियाडा) की देखरेख में विकसित किया गया है। यह तकनीकी एवं डिजिटल व्यवसायों के लिए एक प्रमुख केंद्र बनेगा। इसका क्षेत्रफल लगभग 40 हजार वर्ग फीट है और इसकी संरचना जी प्लस 5 फ्लोर की है।

30 वर्षों के लिए मिलेगा पट्टा

इसके अलावा रांची क्षेत्रीय कार्यालय ने नामकुम औद्योगिक क्षेत्र में स्थित आईटी टावर के दीर्घकालिक पट्टे के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं जो 30 वर्षों के लिए होंगे। आवेदन की अंतिम तिथि 15 फरवरी 2025 है। झारखंड सरकार इस परियोजना के माध्यम से राज्य को डिजिटल रूप से सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। आईटी टावर राज्य के औद्योगिक और आर्थिक विकास में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा। इसका लाभ आने वाले समय में व्यवसाय के साथ-साथ युवाओं को भरपूर मिलेगा।

तोपचांची झील को पर्यटक स्थल के रूप में पहचान देना प्राथमिकता : सीएम

RANCHI : मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड में पर्यटन की अपार संभावनाएं विद्यमान हैं। राज्य सरकार धनबाद जिला स्थित तोपचांची झील को एक आकर्षक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने निमित्त बेहतर कार्य योजना के साथ आगे बढ़ रही है। तोपचांची झील का पर्यावरण के अनुरूप सौंदर्यीकरण कराकर एक बेहतरीन पर्यटन स्थल के रूप में पहचान देना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड प्रकृति की आंचल में बसा राज्य है। यह राज्य जंगलों, पहाड़ियों और नदियों से घिरा है। इस राज्य की खूबसूरती से देश एवं दुनिया के लोग परिचित हों, इस निमित्त टूरिज्म की संभावनाओं पर विशेष कार्य किया जा रहा है।

रांची में नालंदा साइबर क्राइम गैंग के तीन बदमाश हुए गिरफ्तार

अपराधियों की जानकारी देते पुलिस अधिकारी। ● फोटोन न्यूज

PHOTON NEWS RANCHI : राजधानी पुलिस ने साइबर थाने के सहयोग से नालंदा बिहार के तीन साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। तीनों साइबर अपराधी रांची में किराए का मकान लेकर वहां से साइबर ठगी का धंधा चला रहे थे। साइबर अपराधियों के अड्डे से कई डिजिटल एविडेंस भी बरामद किए गए हैं। साइबर पुलिस की सहयोग से रांची में बिहार के नालंदा के रहने वाले तीन साइबर ठगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। रांची के सीनियर एसपी चंदन कुमार सिन्हा को यह सूचना मिली थी कि रांची के खेलगांव में कुछ साइबर अपराधी पनाह लिए हुए हैं। वहीं से देश भर में साइबर ठगी की वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। जानकारी मिलने के बाद रांची के सिटी एसपी के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। जिसमें साइबर थाने की टीम भी शामिल थी। साइबर अपराधियों को गिरफ्तार करने के लिए बनाई गई टीम को यह सूचना मिली कि खेलगांव इलाके में ही एक निर्माणधीन मकान में कुछ संदिग्ध लोग रह रहे हैं, जो लैपटॉप और विभिन्न तरह के उपकरण का प्रयोग दिन भर करते रहते हैं। जानकारी पुख्ता होने के बाद साइबर डीएसपी श्रीनिवास सिंह के नेतृत्व में एक टीम ने उस मकान पर छापा मारा और वहां से तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया। जांच में तीनों साइबर अपराधी निकले। गिरफ्तार साइबर अपराधियों में बिहार के नालंदा के रहने वाले मनोरंजन कुमार, निक्कू कुमार और अखलेश कुमार शामिल हैं। बिहार का नालंदा जिला साइबर अपराधियों का नया गढ़ बनता जा रहा है। नालंदा के साइबर अपराधी हाल के दिनों में झारखंड में सबसे ज्यादा एक्टिव हुए हैं। खास कर राजधानी रांची में किराए का मकान लेकर सबसे ज्यादा नालंदा के साइबर अपराधी ठगी की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। इससे पहले भी आधा दर्जन नालंदा के साइबर अपराधी राजधानी रांची से गिरफ्तार हो चुके हैं।

छापेमारी में ये सामान हुए बरामद

छापेमारी के दौरान साइबर अपराधियों के पास से 6 आईफोन, 6 स्मार्टफोन, विभिन्न बैंकों के 9 एटीएम, फर्जी बैंक खाते और चेक बुक के साथ-साथ 16 सिम कार्ड और एक कार बरामद की गई है। रांची के डीएसपी राजकुमार मेहता ने बताया कि गिरफ्तार साइबर अपराधी रिलायंस फाइनेंस कंपनी के नाम पर लोन देने के साथ-साथ डायरेक्ट अपॉइंटमेंट, बैंक कस्टमर केयर, फ्लिपकार्ट कस्टमर केयर आदि के विभिन्न प्रकार से एप बनाकर लोगों से साइबर ठगी किया करते थे। मामले को लेकर रांची के साइबर थाना में एफआईआर दर्ज की गई है।

कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने लापुंग में की मीटिंग, अधिकारियों को दी चेतावनी

सरकारी योजनाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं

15 दिनों में जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने का निर्देश, बगैर काम पूरा हुए राशि की कर ली गई निकासी

PHOTON NEWS RANCHI : शुक्रवार को कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने लापुंग प्रखंड कार्यालय में बैठक की। इसमें उन्होंने अधिकारियों को 15 दिनों के अंदर जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने की प्रक्रिया को सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। कृषि मंत्री ने कहा कि ग्रामीण इलाकों में अक्सर इस संबंध में शिकायतें आती हैं, जहां लोग प्रमाण पत्र हासिल करने के लिए पंचायत सचिवालय और प्रखंड कार्यालयों के चक्कर लगाते हैं। उन्होंने पंचायत सचिवों को तत्काल इस कार्य को पूरा करने का निर्देश दिया है। उन्होंने सख्त लहजे में कहा कि सरकारी योजनाओं में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक के दौरान मंत्री ने कुआं निर्माण में हुई गड़बड़ी को लेकर नाराजगी जताई। उन्हें जानकारी मिली थी कि बगैर काम पूरा हुए राशि की निकासी कर ली गई है। इतना ही नहीं निकासी के

अधिकारियों के साथ कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की। ● फोटोन न्यूज

बाद योजना के पैसे का बंदरबांट भी कर ली गई। उन्होंने अधिकारियों को सख्त चेतावनी दी कि सरकारी योजनाओं किस कार्यान्वयन में लापरवाही ना बढ़ती जाए। ऐसा करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। चाहे वह कृषि, पशुपालन या अन्य किसी विभाग की योजना हो। उन्होंने कहा कि लाभार्थियों को समय पर योजना का लाभ मिलना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों व कर्मचारियों से कहा कि जहां भी अड़चनें हो, वहां त्वरित समाधान होना चाहिए।

प्रभावित इलाकों में लगेगा कैंप

कृषि मंत्री ने लापुंग में हाथी और जंगली भालू के आतंक को लेकर भी चिंता व्यक्त की। उन्होंने अधिकारियों को बचाव के लिए सुरक्षा उपायों के लिए कैंप लगाने का निर्देश दिया। इस कैंप के माध्यम से हाथियों को भगाने के लिए टॉर्च और पटाखों का उपयोग कैसे किया जाए इसकी जानकारी दी जाएगी। इसके अलावा लोगों को सतर्क रहने के उपाय भी बताए जाएंगे। इसके बाद मंत्री लापुंग के कृषक पाठशाला पहुंची और वहां का निरीक्षण किया। कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के द्वारा 27 एकड़ में इस कृषक पाठशाला को धरातल पर उतारा गया है। जहां उन्नत कृषि की तकनीकी जानकारी के साथ बकरी और मछली पालन का प्रशिक्षण दिया जाता है। मंत्री ने अधिकारियों को इस परियोजना को और अधिक सुदृढ़ करने के लिए दिशा-निर्देश भी दिए।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की ट्रेनिंग में सर्विस की गुणवत्ता पर दिया गया जोर

PHOTON NEWS RANCHI : शुक्रवार को नामकुम स्थित एनएचएम कार्यालय में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य स्वास्थ्य विभाग के कार्यक्रमों और योजनाओं के सफल क्रियान्वयन के लिए रणनीति बनाने के साथ कार्रवाई की दिशा तय करना था। बता दें कि स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह के निर्देश पर स्टेट रिव्यू मिशन (एसआरएम) का गठन किया गया है, जो राज्य स्तर पर निरीक्षण करेगी। वहीं कार्यप्रणाली में सुधार के लिए आवश्यक कदम उठाये जायेंगे। एसआरएम के तहत 12 टीमों का गठन किया गया है, जो जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, रेफरल अस्पताल

स्वास्थ्य मिशन की बैठक में शामिल अधिकारी। ● फोटोन न्यूज

और स्वास्थ्य उपकेंद्रों का दौरा कर प्रतिवेदन तैयार करेंगी। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अभियान निदेशक अबु इमरान ने कहा कि हमारा मुख्य उद्देश्य मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना है। इसके लिए हमें मानव संसाधन का सही उपयोग और एक मजबूत रणनीति बनानी होगी। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग द्वारा दी जा रही सुविधाओं के कमियों का आंकलन और उनके सुधार के लिए राज्य स्तरीय टीम के गठन पर जोर दिया। अभियान निदेशक ने कॉमन रिव्यू मिशन की हाल ही में की गई फाइंडिंग्स और कार्रवाई की जानकारी भी ली। निदेशक प्रमुख स्वास्थ्य सेवाएं डॉ चंद्र किशोर साही ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में वंचित और अभावग्रस्त लोगों के लिए विशेष भागीदारी सुनिश्चित करना आवश्यक है। नेशनल हेल्थ सिस्टम रिसोर्स सेंटर की सलाहकार मोना गुप्ता और लीड कंसल्टेंट श्वेता ने पीपीटी के माध्यम से आवश्यक जानकारी प्रदान की।

कम होने का नाम नहीं ले रहा ठंड का कहर, सुबह में छाया रह रहा कोहरा

RANCHI : शुक्रवार को भी राजधानी रांची सहित झारखंड के अन्य इलाकों में ठंड का कहर जारी रहा। यह स्थिति अभी ऐसी ही रहेगी। सुबह में कोहरा और दिन में कनकनी का एहसास। धूप के बावजूद लोगों का ठंड का एहसास हो रहा है। मौसम विभाग की मानें तो फिलहाल कनकनी से राहत नहीं मिलेगी। वहीं अगले कुछ दिनों तक सुबह में कोहरा छाया रहेगा। इसके बाद दिन में आंशिक बादल छाए रहेंगे। अगले चार दिनों तक सुबह में कोहरा छाया रहेगा। 11, 12 और 13 जनवरी को आसमान में बादल छाए रहने की संभावना जताई गई है। मौसम केंद्र के अनुसार, राज्य में अगले दो दिनों में न्यूनतम तापमान में कोई बड़ा बदलाव नहीं होगा। हालांकि अगले तीन चार दिनों में न्यूनतम तापमान में 3 से 4 डिग्री की बढ़ोतरी होने की संभावना जताई जा रही है।

ट्राइबल एंटरप्रेन्योरशिप को बढ़ावा देने का हो रहा प्रयास : जितेंद्र सिंह

PHOTON NEWS RANCHI : शुक्रवार को सीआईआई झारखंड और सीआईआई फाउंडेशन ने ऑड्रे हाउस में झारखंड ट्राइबल एंटरप्रेन्योरशिप समिट का आयोजन किया। समिट में हेरिटेज होराइजन ट्राइबल इनोवेटर्स फोरम पर चर्चा हुई। इसमें मुख्य अतिथि झारखंड सरकार के उद्योग विभाग के सचिव जितेंद्र कुमार ने कहा कि राज्य सरकार ट्राइबल एंटरप्रेन्योरशिप को बढ़ावा देने के लिए कई योजनाओं और सब्सिडी का लाभ दे रही है। इसके अलावा ट्राइबल एंटरप्रेन्योरशिप पॉलिसी का ड्राफ्ट तैयार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार ट्राइबल युवाओं को उद्यमिता के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए काम कर रही है और विभाग से सुझाव देने की अपील की। सीआईआई झारखंड के चेयरमैन रंजोत सिंह ने कहा कि ट्राइबल एंटरप्रेन्योरशिप तेजी से बढ़ रहा है और कई युवा इस क्षेत्र में सफल हो रहे हैं। समिट में बसंत तिर्की ने आदिवासी उद्यमिता बोर्ड का गठन करने की जरूरत बताई। समिट में विशेषज्ञों ने ट्राइबल एंटरप्रेन्योरशिप के अवसरों और चुनौतियों पर अपने विचार साझा किए।

ब्राउन शुगर के कारोबार का सरगना गिरफ्तार

RANCHI : ब्राउन शुगर के कारोबार के सरगना कन्हैया कुमार सहित तीन तस्करों को रांची की सुखदेव नगर थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इनके पास से 11.48 ग्राम ब्राउन शुगर, चार मोबाईल फोन, बाइक और दो हजार 300 रुपये नकदी बरामद किया गया है। सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि विद्यानगर स्थित बड़ा मैदान के पास ब्राउन शुगर का मुख्य सरगना कन्हैया कुमार और उसके साथी खरीद-बिक्री कर रहे हैं। सूचना के बाद कोतवाली डीएसपी के नेतृत्व में छापेमारी कर सरगना सहित तीन को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपितों में अरगोड़ा निवासी कन्हैया कुमार, हिमांशु ठाकुर और राकेश कुमार शामिल हैं।

नई पहल : राजधानी को क्लीन बनाने के लिए नगर निगम ने बढ़ाया कारगर कदम

रांची में अब वेस्ट कलेक्शन के साथ होगा पॉल्यूशन कंट्रोल

स्वच्छता कॉरपोरेशन को सौंपी गई है शहर को चकाचक बनाने की जिम्मेदारी

37 नए इलेक्ट्रिक वाहनों से किया जाएगा डोर टू डोर कूड़ा उठाव

VIVEK SHARMA @ RANCHI

रांची नगर निगम शहर में सफाई को लेकर अब हर स्तर पर तत्पर हो चुका है। सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाने की नई पहल की गई है। इसके तहत घरों से वेस्ट कलेक्शन के लिए इलेक्ट्रिक वाहनों को तैनात किया गया है। इससे न केवल वेस्ट कलेक्शन होगा बल्कि इससे पॉल्यूशन भी नहीं होगा। ऐसे में वेस्ट कलेक्शन के साथ रांची नगर निगम पॉल्यूशन कंट्रोल में भी अहम भूमिका निभाएगा। बता दें कि रांची नगर निगम क्षेत्र में वेस्ट कलेक्शन के लिए चयनित एजेंसी स्वच्छता कॉरपोरेशन ने 23 वार्डों में वेस्ट कलेक्शन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। वहीं बेहतर सफाई के उद्देश्य से स्वच्छता कॉरपोरेशन ने 37 नए इलेक्ट्रिक वाहनों का इस्तेमाल शुरू किया है। स्वच्छता कॉरपोरेशन के अधिकारियों ने बताया कि इन इलेक्ट्रिक वाहनों से वेस्ट कलेक्शन की प्रक्रिया इको फ्रेंडली हो जाएगी। ये इलेक्ट्रिक वाहन न केवल वेस्ट कलेक्शन कार्य को और अधिक कुशल बनाएंगे, बल्कि प्रदूषण को भी कम करेंगे। नगर निगम ने इस पहल के तहत सभी नागरिकों से अपील की है कि वे अपने घरों और प्रतिष्ठानों में कूड़े का अलग-अलग स्टोरेज करने को बढ़ावा दें। गीला और सूखा कूड़ा अलग-अलग करके उसे नगर निगम के वेस्ट कलेक्शन वाहनों में डालें।

सूखा और गीला कचरा के लिए वाहनों में बना है सेपरेट चैंबर

ग्रीन सिटी बनाने के लिए किया जा रहा प्रयास

स्वच्छता कॉरपोरेशन ने शहर के विभिन्न वार्डों में वेस्ट कलेक्शन कार्य में सुधार के लिए कई कदम उठाए हैं। नागरिकों से लगातार सहयोग की अपील की जा रही है। अब इलेक्ट्रिक वाहनों के साथ नगर निगम ने वेस्ट मैनेजमेंट और शहर की स्वच्छता को नई दिशा देने का प्रयास किया है। सूखा और गीला कचरा को अलग करने को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने की अपील की जा रही है। इस पहल से रांची शहर को एक स्वच्छ और ग्रीन सिटी बनाने में मदद मिलेगी।

ईंधन का बचेगा खर्च

नगर निगम के अधिकारियों ने कहा कि इलेक्ट्रिक वाहनों का उपयोग करने से न केवल वेस्ट कलेक्शन में तेजी आएगी, बल्कि प्रदूषण में भी कमी आएगी। ये वाहन पर्यावरण के लिए अनुकूल हैं और नगर निगम द्वारा प्रदूषण कम करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इसके अलावा ईंधन पर होने वाला खर्च भी बचेगा। चूंकि डीजल से चलने वाली वेस्ट कलेक्शन गाड़ियों में हर महीने लाखों रुपए के डीजल भरवाए जाते थे। अब इलेक्ट्रिक वाहनों के आने से निगम को फ्यूल का खर्च बचेगा। नगर निगम ने भी 4 दर्जन गाड़ियों को इलेक्ट्रिक वाहनों में कंवर्ट करने की प्रक्रिया शुरू की है। इससे भी पॉल्यूशन में कमी आएगी।

भाजपा का आदिवासी विरोधी चेहरा फिर आया सामने : कांग्रेस

RANCHI : झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास द्वारा फिर से भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने पर प्रदेश कांग्रेस मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने तंज कसा है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा का आदिवासी विरोधी चेहरा एक बार फिर सामने आया है। उन्होंने कहा कि रघुवर दास जब झारखंड के मुख्यमंत्री थे, तो उन्होंने आदिवासियों की अस्मिता से जुड़े सीएनटी और एसपीटी एक्ट में संशोधन का प्रस्ताव लाया था। अब उन्हें अचानक संस्कृति की याद आई है। यह किसी से छिपा नहीं है कि अपने शासनकाल में उन्होंने झारखंड की अस्मिता और संस्कृति को खत्म करने का प्रयास किया। राकेश सिन्हा ने आगे कहा कि रघुवर दास की सदस्यता ग्रहण के साथ ही यह साफ हो गया है कि भाजपा में टूट का खतरा बढ़ गया है। यहीं कारण है कि भाजपा के कई बड़े नेता रघुवर दास के सदस्यता ग्रहण समारोह में शामिल नहीं हुए। उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि जब भाजपा विधायक दल का नेता चुनने में असमर्थ रही थी।

श्री श्याम मंदिर में धूमधाम से मनाई गई पुत्रदा एकादशी

PHOTON NEWS RANCHI : शुक्रवार को अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मंदिर में पुत्रदा एकादशी का उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर मंदिर में श्री श्याम देव को नवीन वस्त्र पहनाकर स्वर्ण आभूषणों से अलंकृत किया गया। साथ ही गुलाब, रजनीगंधा, जरबेरा, गुलदाऊदी, बेला, गेंदा जैसे फूलों से प्रभु का मनमोहक श्रृंगार किया गया। मंदिर में विराजमान शिव परिवार और बजरंगबली का भी विशेष श्रृंगार किया गया। देर शाम पावन ज्योत प्रज्वलित की गई। इसमें भक्तों ने आहुति डालकर कर मनोवांछित फल की कामना की। इस दौरान श्री श्याम मण्डल के सदस्यों ने गणेश वंदना के साथ संगीतमय संकीर्तन की शुरूआत की। देर रात सभी भजनों पर झूमते रहे। श्याम

प्रभु को विभिन्न प्रकार के मिष्ठान, फल, मेवा, रबड़ी और मगही पान का भोग अर्पित किया गया। महाआरती के प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में चंद्र प्रकाश बागला, धीरज बंका, गोपी किशन ढांढनीया, राजेश सारस्वत, प्रियांश पोद्दार, विकास पाड़िया, विवेक ढांढनीया, नितेश केजरीवाल, ज्ञान प्रकाश बागला और जितेश अग्रवाल का विशेष सहयोग रहा।

समाचार सार

रौनियार वैश्य संघ ने मंत्री को किया सम्मानित

CHAIBASA : रौनियार वैश्य संघ (गुप्ता समाज), चाईबासा के पदाधिकारियों ने शुक्रवार को राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार व परिवहन विभाग के मंत्री दीपक बिरुवा के आवास पर सम्मानित किया। इस दौरान संघ के संरक्षक अधिवक्ता राजाराम गुप्ता, अध्यक्ष जयदीप प्रसाद गुप्ता, उपाध्यक्ष राजकिशोर साहू, उपाध्यक्ष मनीष कुमार गुप्ता, सचिव महावीर राम प्रसाद, कोषाध्यक्ष छोटूलाल गुप्ता आदि मौजूद थे।

मंत्री दीपक बिरुवा ने बांटे कंबल

CHAIBASA : राज्य के राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार व परिवहन विभाग के मंत्री दीपक बिरुवा ने शुक्रवार को नवागांव पंचायत में ग्रामीणों के बीच कंबल वितरण किया। मंत्री ने सभी को नववर्ष की शुभकामना दी, वहीं ग्रामीणों से गांव की समस्याओं से अवगत हुए। इस अवसर पर झींकपानी के प्रमुख प्रदीप तामसोय, 20 सूत्री अध्यक्ष सोंगा बिरुली, मुखिया अंजना तामसोय, क्षेत्र के बुद्धिजीवी भगवान गोप, समाजसेवी संजीव गोप, सुंदर गोप आदि भी मौजूद थे।

पंचायत भवन निर्माण में गड़बड़ी की शिकायत

GOILKERA : मनोहरपुर के विधायक जगत माझी ने शुक्रवार को गोइलकेरा प्रखंड कार्यालय स्थित अपने कक्ष में जनता दरबार लगाया। इसमें कदमडीहा पंचायत की मुखिया द्रौपदी पुरती ने पंचायत भवन निर्माण में घटिया ईंट के इस्तेमाल की शिकायत की। वहीं कई ग्रामीणों ने गोइलकेरा प्रखंड के विभिन्न गांवों में जलमीनार निर्माण कार्य अधूरा रहने की जानकारी दी। इस पर विधायक ने मौके से ही पीएचईडी के अधिकारी को दूरभाष पर अधूरे जलमीनार को गर्मी से पूर्व पूरा करने का निर्देश दिया। अन्य ग्रामीणों ने गांवों में पेयजल, सड़क एवं खराब ट्रांसफार्मर की समस्याओं से विधायक को अवगत कराया। ग्राम रेला के मुंडा देवेंद्र अंगरिया को बिना गर्म कपड़े के देख विधायक ने तत्काल उन्हें जैकेट मुहैया कराया। जनता दरबार के पश्चात विधायक ने बीडीओ विवेक कुमार को अपने कक्ष में बुलाकर जनता से मिली शिकायतों पर संज्ञान लेने का निर्देश दिया।

कोल्हान आयुक्त सह कुलपति से मिले प्राचार्य

GHATSILA : घाटशिला कॉलेज के प्राचार्य डॉ. आरके चौधरी ने शुक्रवार को चाईबासा में कोल्हान विश्वविद्यालय के कुलपति सह आयुक्त, कोल्हान प्रमंडल हरि कुमार केशरी से मिले। प्राचार्य ने नववर्ष की शुभकामना देते हुए कॉलेज कर्मियों के 6 माह से लंबित वेतन एवं शिक्षकों की कमी से अवगत कराया। प्राचार्य ने यह भी बताया कि परीक्षा, कंटीजेंसी और खेलकूद की राशि नहीं मिलने से कॉलेज में आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया है।

चैनपुर में लगी जिलास्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी

CHAKRADHARPUR : चक्रधरपुर प्रखंड के चैनपुर पंचायत स्थित जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में जिलास्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन शुक्रवार को हुआ। विज्ञान प्रदर्शनी में जिले के विभिन्न विद्यालयों के 180 प्रदर्शों की प्रदर्शनी लगाई गई। बच्चों ने स्वनिर्मित प्रदर्शोंका स्टॉल लगाकर प्रदर्शन किया। जिसमें राख से बिजली बनाने, सोलर कूकर, सौर ऊर्जा, पाचन तंत्र, विद्युतधारा आदि को दिखाया गया। 18 सदस्यीय ज्यूरी टॉप प्रदर्शों का चयन किया, जिसे राज्यस्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में भेजा जाएगा। इस मौके पर मुख्य अतिथि सांसद जोबा मांझी व विशिष्ट अतिथि विधायक सुखराम उरांव, पंचायत के मुखिया साहेब हेंब्रम, जिला शिक्षा अधीक्षक प्रवीण कुमार व बीडीओ कंचन मुखर्जी मौजूद थे।

मुख्य अभियंता ने दायीं नहर का किया निरीक्षण

GHATSILA : ओडिशा के स्वर्णरेखा परियोजना विभाग के मुख्य अभियंता रमाकांत महापात्र ने शुक्रवार को बराज डैम की दायीं नहर समेत बराज का निरीक्षण किया। उन्होंने मई तक नहर की मरम्मत करने का निर्देश बराज प्रमंडल अभियंता को दिया। इसके साथ ही गालूडीह बराज स्थित कंट्रोल रूम की व्यवस्था, बराज प्रमंडल द्वारा निर्माण की गई नहर, एफलेक्स बांध समेत संचालित कई योजना पर संतोष जताया। उन्होंने बताया कि बराज डैम में अलग-अलग कार्ययोजना के लिए ओडिशा सरकार झारखंड सरकार को स्वर्णरेखा परियोजना के लिए राशि देती है। जून में सिंचाई के लिए दायीं मुख्य नहर से ओडिशा में पानी लिया जाता है। इस दौरान परियोजना के अधीक्षण अभियंता सुरेश बेहरा, बराज अंचल अधीक्षक सुधीर कुजूर, बराज प्रमंडल कार्यपालक अभियंता संतोष कुमार, सहायक अभियंता सुधांशु मिश्रा समेत अन्य अभियंता शामिल थे।

पौरोहित्य महासंघ ने मनाया स्थापना दिवस

JAMSHEDPUR : धर्मरक्षिणी पौरोहित्य महासंघ ने शुक्रवार को गोलमुरी स्थित मिथिला सांस्कृतिक परिषद में 12वां स्थापना दिवस मनाया। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि विधायक सरयू राय ने कहा कि केबुल टाउन स्थित लक्ष्मी नारायण मंदिर में पुरोहितों के लिए आध्यात्मिक केंद्र का निर्माण किया जाएगा, जिसमें शहर के पुरोहित इसका लाभ उठा पाएंगे। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि मनोज कुमार चौधरी, डॉ. पवन पांडेय, कमल किशोर, मोहन ठाकुर व धर्मेश कुमार झा उर्फ लड्डू झा ने भी अपने विचार रखे। आयोजन को सफल बनाने में संस्था के अध्यक्ष पं. विपिन कुमार झा, पं. दिलीप कुमार पांडेय, पं. मुन्ना पांडेय, पं. राम अवधेश चौबे, पं. वृजकिशोर शास्त्री, पं. परशुराम पांडेय आदि सक्रिय रहे।

सभी प्रखंडों में लगा पशु चिकित्सा शिविर

JAMSHEDPUR : उपायुक्त के निर्देश पर जिला पशुपालन विभाग द्वारा शुक्रवार को जिले के सभी प्रखंडों में विशेष पशु चिकित्सा शिविर लगाया गया। शिविर में कुल 621 पशुपालक ने भागीदारी दिखाई। शिविर के दौरान 7,645 पशुओं की स्वास्थ्य जांच और उपचार किया गया।

स्कूली बच्चों को नशेड़ी बनाने वाला गिरफ्तार, मिल रही थी शिकायत

आरोपी से 136 पीस कफ सिरप और 23 लीटर देसी शराब भी हुआ बरामद

मामले की जानकारी देते पुलिस पदाधिकारी ● फोटोन न्यूज

JAMSHEDPUR : सोनारी थाना की पुलिस ने खूंटाडीह क्षेत्र से एक आरोपी मोनी बोरकर उर्फ गौतम बोरकर को गिरफ्तार किया है, जो स्कूली बच्चों में कफ सिरप और नशे के अन्य सामान वितरित करता था। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर उसे पकड़ा और उसके पास से भारी मात्रा में नशे की सामग्री बरामद की। गौतम बोरकर के पास से पुलिस ने 107 पीस विनसेरेक्स कफ सिरप और 29 पीस ओनेरेक्स कफ सिरप बरामद किए। इसके साथ ही, पुलिस ने उसके पास से 23 लीटर देसी शराब और दो मोबाइल भी बरामद किए। बताया जाता है कि बोरकर नया युवाओं को इन कफ सिरपों का आदी बनाता था। इस अभियान में डीएसपी निरंतर तिवारी, सोनारी थाना प्रभारी कुमार सरयू आनंद, अमित चौधरी, धनंजय कुमार सिंह, उमेश सिंह सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे। पुलिस ने यह सुनिश्चित किया कि बोरकर और उसके साथी शहर में नशे के कारोबार को फैलाने में लगे थे।

कदमा में अवैध निर्माण पर चला बुलडोजर

JAMSHEDPUR : कदमा में शुक्रवार को सरकारी जमीन पर बने अवैध निर्माण पर बुलडोजर चलाकर ध्वस्त किया गया। अनमुंडल पदाधिकारी, धालभूम के आदेशानुसार कदमा थाना क्षेत्र अंतर्गत अधिसूचित क्षेत्र जमशेदपुर, वार्ड नं- 2, खाता नं- 1217, प्लॉट नं- 55/2797, सरकारी भूमि में अतिक्रमण के विरूद्ध कार्रवाई की गई है। बीपीएलई-जेपीएलई वाद में संबंधित भूमि पर किए गए अतिक्रमण के विरूद्ध वाद में पारित आदेश के आलोक में अतिक्रमणकारी को सात दिनों के अंदर अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया गया था। इसका अनुपालन नहीं किए जाने पर दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी, सशस्त्र बल, लाठी बल एवं महिला बल की उपस्थिति में सरकारी जमीन पर किए गए निर्माण कार्य को जमींदोज करते हुए अतिक्रमण हटाया गया। अंचल अधिकारी जमशेदपुर मनोज कुमार के नेतृत्व में कार्यपालक दंडाधिकारी सुदीप्त राज तथा कदमा थाना के पुलिस पदाधिकारी व पुलिस बल द्वारा कार्रवाई की गई।

ढांचे को ध्वस्त करता बुलडोजर ● फोटोन न्यूज

नहीं टूटीं रेलवे स्टेशन के सामने की दुकानें

CHAKRADHARPUR : चक्रधरपुर रेलवे स्टेशन के सामने शुक्रवार को पूर्व घोषित आदेश के तहत शुक्रवार को दिन भर हाई वोल्टेज ड्रामा चला। दोपहर तक मजिस्ट्रेट के इंतजार में रेलवे प्रशासन और सुरक्षाबल के जवान रह गए। शाम को मजिस्ट्रेट सह अंचल अधिकारी सुरेश कुमार सिन्हा के पहुंचने पर दुकानदारों ने 15 दिन की मोहलत की मांग कर राहत देने की गुहार लगाई। शाम चार बजे मजिस्ट्रेट सुरेश कुमार सिन्हा पहुंचे, जिसके बाद दुकानदारों ने 15 दिन की मोहलत की मांग रेलवे से की। रेलवे के अधिकारियों ने दुकानदारों को मांग पत्र लिखने को कहा।जब तक दुकानदार मांग पत्र लिखते तब तक रेल अधिकारी के आदेश पर मिनी मार्केट लोहे के बैरिकेट को तोडना शुरू कर दिया गया। इसके बाद दुकानदारों ने हंगामा मचाया। दुकानदारों का गुस्सा देख रेल अधिकारी बैकफुट पर चले गए और दुकानों को तोड़ने का कार्य शुक्रवार को नहीं हो पाया है।

मजदूरों से भरा मालवाहक टेंपो पलटा 14 घायल, एक की हालत बेहद नाजुक

घायल का इलाज करते चिकित्सक ● फोटोन न्यूज

PHOTON NEWS CHAIBASA : पश्चिमी सिंहभूम जिले के गुवा थाना क्षेत्र के ठाकुरा पुल के पास मजदूरों से भरा एक मालवाहक टेंपो पलट गया, जिससे 14 मजदूर घायल हो गए। इस दुर्घटना में 7 गंभीर और 5 को आंशिक चोट लगी। एक मजदूर की हालत बेहद नाजुक बताई जा रही है। दुर्घटना की सूचना मिलते ही गुवा थाना की पुलिस मौके पर पहुंची। सभी घायलों को तत्काल गुवा सेल अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने गंभीर रूप से घायल 7 मजदूरों को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल चाईबासा रेफर कर दिया। इस संबंध में मजदूरों ने बताया कि ठाकुरा गांव के सामने रेलवे लाइन का निर्माण कार्य चल रहा था। यह कार्य रेलवे ठेकेदार प्रफुल्लो करा रहा है। शुक्रवार को मुंशी विकास सिंह ने नोवामुंडी के विभिन्न गांवों से आए 14 मजदूरों को बड़ाजामदा से टेंपो में भर कर लाया जा रहा था। इस बीच ठाकुरा पुल के सामने टेंपो चालक बीनू गुप्ता ने नियंत्रण खो दिया, जिसके बाद टेंपो पलट गया। इस घटना के लिए रेलवे ठेकेदार, मुंशी और टेंपो चालक को जिम्मेदार ठहराया जा रहा है। टेंपो में क्षमता से अधिक मजदूरों को लाया जा रहा था। इस घटना के बाद गुवा थाना पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस दुर्घटना के लिए जिम्मेदार सभी संबंधित पक्षों के खिलाफ कार्रवाई की तैयारी में जुटी है।

टाटानगर स्टेशन में खुला फूडकोर्ट

JAMSHEDPUR : टाटानगर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर-1 पर फूडकोर्ट का उद्घाटन शुक्रवार को हुआ। आईआरसीटीसी के ग्रुप जनरल मैनेजर मनोज कुमार सिंह, एरिया मैनेजर अभिषेक सिंघल ने संयुक्त रूप से इसका उद्घाटन किया। दरअसल 3 माह से टाटानगर स्टेशन पर चल रहा फूडकोर्ट बंद था। नए सिरे से टेंडर कर गोयल एंड गोयल को इसे चलाने का टेंडर मिला है। अब टाटानगर के यात्रियों को खाना और नाश्ता आसानी से मिल सकेगा। इसके साथ ही पहले तल्ले पर चलने वाला जनाहार कैंटीन के लिए भी टेंडर हो गया है। 13 जनवरी को निविदा होनी है।

16 करोड़ से चकाचक होगी त्रिवेणी संगम की जर्जर सड़क

बहरागोड़ा में उपस्थित सांसद बिद्युत बरण महतो व विधायक समीर मोहंती

GHATSILA : बहरागोड़ा प्रखंड क्षेत्र के त्रिवेणी संगम स्थित एनएच-18 तथा एनएच-49 की जर्जर सर्विस रोड पीक्यूसी (ढ़लाई) के लिए सांसद बिद्युत बरण महतो व बहरागोड़ा के विधायक समीर कुमार मोहंती ने शुक्रवार को भूमिपूजन किया। इस मौके पर सांसद ने कहा कि क्षेत्र की जनता कई सालों से धूल भरी सड़क पर चलने को मजबूर थी। संवेदक को मकर संक्रांति के पश्चात जल्द से जल्द सड़क निर्माण कार्य करने का निर्देश दिया गया है। प्रोजेक्ट डायरेक्टर एकता कुमारी ने कहा कि सांसद तथा विधायक के दिशा-निदेर्शों का पालन किया जाएगा। इस मौके पर साइट इंजीनियर घनश्याम कुमार, मैनेजर टेक्निकल चंदन आशीष, जयमातादी कंस्ट्रक्शन के डायरेक्टर आकाश कुमार, विधायक प्रतिनिधि कुमार गौरव पुष्टि आदि भी उपस्थित थे।

छात्र-छात्राओं को संबोधित करते पदाधिकारी ● फोटोन न्यूज

छात्र-छात्राओं और शिक्षकों को बताए सड़क सुरक्षा के नियम

SERAIKELA : सरायकेला स्थित एनआर प्लस-टू हाई स्कूल में शुक्रवार को जागरूकता अभियान चलाया गया, जिसमें करीब 200 छात्र-छात्राओं व शिक्षकों को सड़क सुरक्षा के नियम बताए गए। जिला परिवहन पदाधिकारी गिरजा शंकर महतो ने बताया कि वाहन चलाते समय हेलमेट एवं सीट बेल्ट जैसे सुरक्षित उपकरणों के इस्तेमाल से सड़क पर होने वाले दुर्घटनाओं को कम किया जा सकता है। उन्होंने अपील की कि वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग ना करें और सीट बेल्ट एवं हेलमेट का उपयोग अवश्य करें। मोटर व्हीकल इंस्पेक्टर दिलीप कुमार ने सड़क सुरक्षा के बारे में विस्तार से बताया, तो रोड अभियांत्रिक विश्लेषक आशुतोष कुमार सिंह ने बताया कि सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल व्यक्ति की सहायता करें। इस कार्य को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार 2,000 रुपये के साथ प्रशस्ति पत्र देती है। दुर्घटना के बाद घायल व्यक्ति को एक घंटा के अंदर अस्पताल पहुंचाने वाले व्यक्ति को पांच हजार रुपये देने का प्रावधान है।

मेघाहातुबुरु खदान में मजदूरों ने किया प्रदर्शन

स्थानांतरण रद्द करने सहित अन्य मांगों को लेकर प्रबंधन से हुई वार्ता

खदान के बाहर प्रदर्शन करते मजदूर ● फोटोन न्यूज

PHOTON NEWS CHAIBASA : पश्चिमी सिंहभूम जिले के मेघाहातुबुरु खदान में विभिन्न मजदूर संगठनों के संयुक्त मोर्चा ने शुक्रवार को सेल प्रबंधन के खिलाफ प्रदर्शन किया और अपनी मांगों को लेकर एक घंटे तक खदान का उत्पादन ठप कर दिया। प्रदर्शन के बाद मोर्चा ने खदान के प्रभारी सीजीएम संजय कुमार सिंह को मांगपत्र सौंपा और वार्ता की। सीजीएम ने मोर्चा से 15 दिनों का समय मांगा, ताकि उनकी मांगों को उच्च अधिकारियों तक पहुंचाया जा सके।

संयुक्त मोर्चा की मुख्य मांगों में अभिजीत कुमार का स्थानांतरण रद्द हो, मेघाहातुबुरु खदान के अधिकारी अभिजीत कुमार (डीएम, एचआर) का स्थानांतरण किरीबुरु किया गया है, जिसे रद्द कर उन्हें यहीं पदस्थापित करने की मांग की गई। मोर्चा ने बताया कि उनके कार्यकाल में खदान के संचालन और कर्मचारियों के कल्याण में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। महाप्रबंधक (एचआर) विकास दयाल का स्थानांतरण चिड़िया खदान में कर दिया गया है और किरीबुरु के उप-महाप्रबंधक (एचआर) अमित कुमार विश्वास को अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। मोर्चा ने इस व्यवस्था को गलत बताते हुए खदान के लिए एक स्थायी एचआर प्रमुख की मांग की, क्योंकि अतिरिक्त प्रभार वाले अधिकारी दोनों खदानों पर समान ध्यान नहीं दे सकते। गजट में संशोधन तक खदान में बायोमीट्रिक हाजिरी शुरू न करने की मांग की गई।

सेल अस्पताल में स्त्री रोग विशेषज्ञ की स्थायी और त्वरित नियुक्ति की मांग की गई। खदान से प्रभावित सीएसआर गांवों के मरीजों को अस्पताल में सभी आवश्यक दवाएं उपलब्ध कराने की मांग की गई। संयुक्त मोर्चा ने बताया कि अभिजीत कुमार ने अपने कार्यकाल में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने लंबित संपत्ति विवादों का समाधान किया, कर्मचारियों और प्रबंधन के बीच बेहतर संबंध बनाए और ट्रेड यूनियनों के साथ संवाद को मजबूत किया। उनके प्रयासों से खदान में संगठनात्मक स्थिरता और कर्मचारियों का मनोबल बढ़ा। मोर्चा ने कहा कि एचआर प्रमुख के पद पर स्थायित्व की कमी से खदान के कामकाज पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। पूर्व में भी अतिरिक्त प्रभार के कारण कर्मचारियों की शिकायतों का समाधान देर से हुआ और आईआर समस्याएं बढ़ीं।

सुबह 9.05 बजे होगा झंडोत्तोलन, परेड के साथ निकलेंगी आकर्षक झांकियां, मुंख्यमंत्री मंईयां योजना पर रहेगा फोकस

गोपाल मैदान में होगा जिलास्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह

PHOTON NEWS JSR : गणतंत्र दिवस का जिलास्तरीय समारोह बिष्टुपुर स्थित गोपाल मैदान में होगा। इसे लेकर शुक्रवार को समाहरणालय सभागार में उपायुक्त अनन्य मित्तल की अध्यक्षता में बैठक हुई।

उपायुक्त ने समारोह को लेकर विभिन्न विभागीय पदाधिकारी को दायित्व सौंपा। उन्होंने कहा कि विभिन्न विभागों द्वारा निकाली जाने वाली झांकियों के अलावा इस वर्ष झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना समेत कुल 11 झांकी को शामिल करने का निर्णय लिया गया है। गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर 25 जनवरी को टाउन हॉल, सिदगोड़ा में सांस्कृतिक समारोह होगा, जिसमें विभिन्न स्कूलों के बच्चों द्वारा देशप्रेम से ओतप्रोत गीत-संगीत की प्रस्तुति दी जाएगी। उपायुक्त ने गणतंत्र दिवस पर सभी सरकारी भवनों व कार्यालयों में झंडोतोलन का निर्देश दिया गया। इसके साथ ही महापुरूषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण और राष्ट्रीय महत्व के स्मारकों की साफ सफाई किए जाने का निर्देश दिया गया। समारोह स्थल की सफाई व आवश्यक तैयारी के लिए जेएनएसी को जुस्को प्रबंधन से समन्वय बनाने, आगंतुकों के बैठने की उचित व्यवस्था, एंबुलेंस, अग्निशामक आदि व्यवस्था संबंधी दायित्व सौंपते हुए संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया। बैठक में वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल, परियोजना निदेशक आईटीडीए दीपांकर चौधरी, एडीएम अनिकेत सचान, एसडीएम धालभूम शताब्दी मजूमदार, सिटी एसपी कुमार शिवाशीष, अपर उपायुक्त भगीरथ प्रसाद, नजारत उप समाहर्ता डेविड बलिहार, उप नगर आयुक्त जेएनएसी कृष्ण कुमार, स्थापना उप समाहर्ता मृत्युंजय कुमार, जिला परिवहन पदाधिकारी धनंजय, जिला कल्याण पदाधिकारी शंकराचार्य समद, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी पंचानन उरांव समेत अन्य सभी संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

समाहरणालय सभागार में बैठक को संबोधित करते उपायुक्त अनन्य मित्तल

डीसी-एसएसपी करेंगे परेड का निरीक्षण

जिला स्तरीय समारोह में इस वर्ष 1 प्लाटून जैप-6, 3 प्लाटून जिला पुलिस बल (सहायक पुलिस सहित), 1 प्लाटून जिला गृह रक्षक तथा 2 प्लाटून एन.सी.सी (महिला-पुरूष) के अलावा स्काउट एंड गाइड के प्लाटून को भी शामिल करने का निर्णय लिया गया। परेड का पूर्वाभ्यास 20 से 22 जनवरी तक होगा, 24 जनवरी को परेड का फुल ड्रेस रिहर्सल गोपाल मैदान में किया जाएगा, जिसका निरीक्षण उपायुक्त व वरीय पुलिस अधीक्षक संयुक्त रूप से करेंगे।

घाघीडीह सेंट्रल जेल का होगा विस्तार

समाहरणालय सभागार में शुक्रवार को हुई बैठक में उपायुक्त अनन्य मित्तल ने कारा सुरक्षा एवं उत्पाद विभाग की समीक्षा की। इसमें घाघीडीह कारा, साकची कारा, घाटशिला उप कारा में सुरक्षा व्यवस्था एवं कारा स्थित सेल, अस्पताल, वाच टावर, पेयजल आपूर्ति आदि आधारभूत सुविधा की आवश्यक मरम्मत व जीर्णोद्धार कार्य की समीक्षा की गई। कारागार की क्षमता वृद्धि को लेकर बैठक में विचार विमर्श किया गया तथा कारा के आसपास अवस्थित रैयती जमीन के अधिग्रहण के लिए प्रस्ताव विभाग को भेजने का निर्देश दिया गया। रेलवे स्टेशन कोर्ट का भी प्रस्ताव तैयार करने का निर्देश दिया गया। घाघीडीह कारा में पेयजल के स्थायी समाधान के लिए पीएचईडी को बागबेड़ा जलापूर्ति योजना से जोड़ने में आ रही अड़चन को मार्च से पूर्व दूर करने के लिए निर्देशित किया गया। इसके साथ ही कैदियों के लिए पेंटिंग (सोहराई) व अन्य प्रशिक्षण कार्यक्रम से जोड़ने पर विचार भी किया गया। सुरक्षात्मक दृष्टिकोण से जेल में 4-जी, 5-जी जैमर लगाने, आवश्यकतानुसार वॉकी-टॉकी उपलब्ध कराने, वाच टावर में पर्याप्त संख्या में सुरक्षाबलों की तैनाती, पुलिस पेट्रोलिंग बढ़ाने, पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था रखने का निर्देश भी दिया गया। सिक्योरिटी ऑडिट के तहत प्रशासन एवं पुलिस के पदाधिकारियों को नियमित अंतराल पर सभी कारा, उप कारा, बाल सुधार गृह, अस्पतालों के कैदी वार्ड, कोर्ट हाजत का औचक निरीक्षण करने तथा रेड करने का निर्देश भी दिया गया। अनाधिकृत रूप से जेल और आवासीय परिसर के आसपास अड्डाबाजी या अतिक्रमण करने वालों के विरूद्ध कठोर कार्रवाई का निर्देश दिया गया। प्रभावी कार्रवाई के लिए सूचनातंत्र को मजबूत करने पर बल दिया। उत्पाद विभाग को बार, दुकान, डीलरों की जांच, नकली शराब कारोबारी पर रेड, उनके विरूद्ध की गई शिकायतों पर कार्रवाई करने का निर्देश भी दिया गया।

मशरूम की खेती

मशरूम की खेती हजारों वर्षों से विश्वभर में भोजन और औषध दोनों ही रूपों में रही है। ये पोषण का भरपूर स्रोत हैं और स्वास्थ्य खाद्यों का एक बड़ा हिस्सा बनाते हैं। मशरूमों में वसा की मात्रा बिल्कुल कम होती हैं, विशेषकर प्रोटीन और कार्बोहाइड्रेट की तुलना में, और इस वसायुक्त भाग में मुख्यतया लिनोलिक अम्ल जैसे असंतप्तिकृत वसायुक्त अम्ल होते हैं, ये स्वस्थ ह्दय और ह्दय संबंधी प्रक्रिया के लिए आदर्श भोजन हो सकता है।

मशरूम उत्पादन तकनीकी

पहले, मशरूम का सेवन विश्व के विशिष्ट प्रदेशों और क्षेत्रों तक ही सीमित था पर वैश्वीकरण के कारण विभिन्न संस्कृतियों के बीच संप्रेषण और बढ़ते हुए उपभोक्तावाद ने सभी क्षेत्रों में मशरूमों की पहुंच को सुनिश्चित किया है। मशरूम तेजी से विभिन्न पाक पुस्तक और रोजमर्रा के उपयोग में अपना स्थान बना रहे हैं। एक आम आदमी को रसोई में भी उसने अपनी जगह बना ली है। उपभोग की चालू प्रवृत्ति मशरूम निर्यात के क्षेत्र में बढ़ते अवसरों को दर्शाती है।

भारत में मशरुम की प्रजातियां

भारत में उगने वाले मशरूम की दो सर्वाधिक आम प्रजातियां वाईट बटन मशरूम और ऑयस्टर मशरूम है। हमारे देश में होने वाले वाईट बटन मशरूम का ज्यादातर उत्पादन मौसमी है। इसकी खेती परम्परागत तरीके से की जाती है। सामान्यता, अपॉश्चयरीकृत कूडा खाद का प्रयोग किया जाता है, इसलिए उपज बहुत कम होती है। तथापि पिछले कुछ वर्षों में बेहतर कृषि-विज्ञान पदधातियों की शुरूआत के परिणामस्वरूप मशरूमों की उपज में वृद्धि हुई है।

आम वाईट बटन मशरूम

आम वाईट बटन मशरूम की खेती के लिए तकनीकी कौशल की आवश्यकता है। अन्य कारकों के अलावा, इस प्रणाली के लिए नमी चाहिए, दो अलग तापमान चाहिए अर्थात पैदा करने के लिए अथवा प्ररोहण वृद्धि के लिए (स्पॉन रन) 220-280 डिग्री से, प्रजनन अवस्था के लिए (फल निर्माण) = 150-180 डिग्री से; नमी= 85-95 प्रतिशत और पर्याप्त संवातन सब्स्ट्रेट के दौरान मिलना चाहिए जो विसंक्रमित हैं और अत्यंत रोगाणुरहित परिस्थिति के तहत उगाए न जाने पर आसानी से संदूषित हो सकते हैं। अत= 100 डिग्री से. पर वाष्पन (पास्तुरीकरण) अधिक स्वीकार्य है।

ऑएस्टर मशरूम

प्लयूरोटस, ऑएस्टर मशरूम का वैज्ञानिक नाम है। भारत के कई भागों में, यह ढींगरी के नाम से जाना जाता है। इस मशरूम की कई प्रजातिया है उदाहणार्थ = प्लयूरोटस ऑस्टरीयटस, पी सजोर-काजू, पी. फ्लोरिडा, पी. सैपीडस, पी. फ्लैबेलैटस, पी एरीनजी तथा कई अन्य भोज्य प्रजातियां। मशरूम उगाना एक ऐसा व्यवसाय है, जिसके लिए अध्यवसाय धैर्य और बुद्धिसंगत देख-रेख जरूरी है और ऐसा कौशल चाहिए जिसे केवल बुद्धिसंगत अनुभव द्वारा ही विकसित किया जा सकता है।

प्लयूरोटस मशरूमों की प्ररोहण वृद्धि (पैदा करने का दौर) और प्रजनन चरण के लिए 200-300 डिग्री का तापमान होना चाहिए। मध्य समुद्र स्तर से 1100-1500 मीटर की ऊचांई पर उच्च तुंगता पर इसकी खेती करने का उपयुक्त समय मार्च से अक्तूबर है, मध्य समुद्र स्तर से 600-1100 मीटर की ऊचांई पर मध्य तुंगता पर फरवरी से मई और सितंबर से नवंबर है और समुद्र स्तर से 600 मीटर नीचे की निम्न तुंगता पर अक्तूबर से मार्च है।

आवश्यक सामान

धान के तिनके - फफूंदी रहित ताजे सुनहरे पीले धान के तिनके, जो वर्षा से बचाकर किसी सूखे स्थान पर रखे गए हो।

400 गेज के प्रमाप की मोटाई वाली प्लास्टिक शीट - एक ब्लाक बनाने के लिए 1 वर्ग मी. की प्लास्टिक शीट चाहिए।

लकड़ी के सांचे - 45.30.15 से. मी. के माप के लकड़ी के सांचे, जिनमें से किसी का भी सिरा या तला न हो, पर 44.29 से. मी. के आयाम का एक अलग लकड़ी का कवर हो।

तिनकों को काटने के लिए गंडासा या भूसा कटर।

उबालने के लिए ड्रम (कम से कम दो)

जूट की रस्सी, नारियल की रस्सी या प्लास्टिक की रस्सियां

टाट के बोरे

स्पान अथवा मशरूम जीवाणु जिन्हें सहायक रोगविज्ञानी, मशरूम विकास केन्द्र, से प्रत्येक ब्लॉक के लिए प्राप्त किया जा सकता है।

एक स्प्रेयर कैसे करें

कूड़ा खाद बनाने के लिए अन्न के तिनकों (गेंहू, मक्का, धान, और चावल), मक्कई की डंडिया, गन्ने की कोई जैसे किसी भी कृषि उपोत्पाद अथवा किसी भी अन्य सेल्यूलोस अपशिष्ट का उपयोग किया जा सकता है। गेंहू के तिनकों की फसल ताजी होनी चाहिए और ये चमकते सुनहरे रंग के हो तथा इसे वर्षा से बचा कर रखा गया है। ये तिनके लगभग 5-8 से. मी. लंबे टुकडों में होने चाहिए अन्यथा लंबे तिनकों से तैयार किया गया ढेर कम सघन होगा जिससे अनुचित किण्वन हो सकता है। इसके विपरीत, बहुत छोटे तिनके ढ़ेर को बहुत अधिक सघन बना देंगे जिससे ढ़ेर के बीच तक पर्याप्त ऑक्सीजन नहीं पहुंच पाएगा जो अनएरोबिक किण्वन में परिणामित होगा।

कूड़ा खाद तैयार करना

गेंहू के तिनके अथवा उपर्युक्त सामान में से सभी में सूल्यूलोस, हेमीसेल्यूलोस और लिगनिन होता है, जिनका उपयोग कार्बन के रूप में मशरूम कवक वर्धन के लिए किया जाता है। ये सभी कूडा खाद बनाने के दौरान माइक्रोफ्लोरा के निर्माण के लिए उचित वायुमिश्रण सुनिश्चित करने के लिए जरूरी सबस्ट्रेट को भौतिक ढांचा भी प्रदान करता है। चावल और मक्कई के तिनके अत्यधिक कोमल होते है, ये कूडा खाद बनाने के समय जल्दी से अवक्रमित हो जाते हैं और गेंहू के तिनकों की अपेक्षा अधिक पानी सोखते हैं।

अत=, इन सबस्ट्रेट्स का प्रयोग करते समय प्रयोग किए जाने वाले पानी की प्रमात्रा, उलटने का समय और दिए गए संपूरकों की दर और प्रकार के बीच समायोजन का ध्यान रखना चाहिए। चूंकि कूड़ा खाद तैयार करने में प्रयुक्त उपोत्पादों में किण्वन प्रक्रिया के लिए जरूरी नाइट्रोजन और अन्य संघटक, पर्याप्त मात्रा में नहीं होते, इस प्रक्रिया को शुरू करने के लिए, यह मिश्रण नाइट्रोजन और कार्बोहाइड्रेट्स से संपूरित किया जाता है।

स्पानिंग

स्पानिंग अधिकतम तथा सामयिक उत्पाद के लिए अंडों का मिश्रण है। अण्डज के लिए अधिकतम खुराक कम्पोस्ट के ताजे भार के 0.5 तथा 0.75 प्रतिशत के बीच होती है। निम्नतर दरों के फलस्वरूप माइसीलियम का कम विस्तार होगा तथा रोगों एवं प्रतिद्वान्द्वियों के अवसरों में वृद्धि होगी उच्चतर दरों से अण्डज की कीमत में वद्धि होगी तथा अण्डज की उच्च दर के फलस्परूप कभी-कभी कम्पोस्ट की असाधारण ऊष्मा हो जाती है।

ए बाइपोरस के लिए अधिकतम तापमान 230 से (+) (-) 20 से./उपज कक्ष में सापेक्ष आर्द्रता अण्डज के समय 85-90 प्रतिशत के बीच होनी चाहिए।

कटाई

थैले को खोलने के 3 से 4 दिन बाद मशरूम प्रिमआर्डिया रूप धारण करना शुरू कर देते हैं। परिपक्व मशरूम अन्य 2 से 3 दिनों में कटाई के लिए तैयार हो जाते हैं। एक औसत जैविक कारगरहा (काटे गए मशरूम का ताजा भार जिसे एयर ड्राई सबट्रेट द्वारा विभक्त किया गया हो ङ्क100) 80 से 150 प्रतिशत के बीच हो सकती है और कभी-कभी उससे ज्यादा। मशरूम को काटने के लिए उन्हें जल से पकड़ा जाता है तथा हल्के से मरोड़ा जाता है तथा खींच लिया जाता है। चाकू का इस्तेमाल नहीं किया जाना चाहिए। मशरूम रेफ्रीजेरेटर में 3 से 6 दिनों तक जाता बना रहता है।

मशरूम गृह/कक्ष

क्यूब तैयार करने का कक्ष

एक आदर्श कक्ष आर.सी.सी. फर्श का होना चाहिए, रोशनदानयुक्त एवं सूखा होना चाहिए। लकड़ी के ढांचे को रखने, क्यूब एवं अन्य आर.सी.सी. चबूतरा के लिए कक्ष के अंदर 2 सेमी ऊंचा चबूतरा बनाया जाना चाहिए, ऐसा भूसे के पाश्चुरीकृत थैलों को बाहर निकालने की आवश्यतानुसार होना चाहिए। जिन सामग्रियों के लिए क्यूब को बनाने की आवश्यकता है, उन्हें कक्ष के अंदर रखा जाना चाहिए। क्यूब को तैयार करने वाले व्यक्तियों को ही कमरे के अंदर जाने की अनुमति दी जानी चाहिए।

उठ्यमान कक्ष

उण्डजों के संचालन के लिए कमरा यह कमरा आरसीसी भवन अथवा आसाम विस्म (घर में कोई अलग कमरा) का कमरा होना चाहिए तथा खण्डों को रखने के लिए तीन स्तरों में साफ छेद वाले बांस की आलमारी लगाई जानी चाहिए। पहला स्तर जमीन से 100 सेमी ऊपर होना चाहिए तथा दूसरा स्तर कम से कम 60 सेमी ऊंचा होना चाहिए।

फसल कक्ष

एक आदर्श गृह/कक्ष आर.सी.सी. भवन होगा जिसमें विधिवत उष्मारोधन एवं कक्ष को ठंडा एवं गरम करने का प्रावधान स्थापित किया गया होगा। तथापि बांस, थप्पर तथा मिट्टी प्लास्टर जैसे स्थानीय रूप से उपलब्ध सामग्रियों का इस्तेमाल करते हुए स्वदेशी अल्प लागत वाले घर की सिफारिश की गई है। मिट्टी एवं गोबर के समान मिश्रण वाले स्पिलिट बांस की दीवारें बनाई जा सकती है।

कच्ची ऊष्मारोधक प्रणाली का प्रावधान करने के लिए घर के चारों ओर एक दूसरी दीवार बनाई जाती है जिसमें प्रथम एवं दूसरी दीवार के मध्य 15 सेमी का अंत्तर रखा जाता है। बाहरी दीवार के बाहरी तरफ मिट्टी का पलास्टर किया जाना चाहिए। दो दीवारों के मध्य में वायु का स्थान ऊष्मा रोधक का कार्य करेगा क्योंकि वायु ऊष्मा का कुचालक होती है। यहां तक कि एक बेहतर ऊष्मारोधन का प्रावधान किया जा सकता है यदि दीवारों के बीच के स्थान को अच्छी तरह से सूखे 8 ए छप्पर से भर दिया जाए। घर का फर्श वरीयत= सीमेंट का होना चाहिए किन्तु जहां यह संभव नही है, अच्छी तरह से कूटा हुआ एवं प्लास्टरयुक्त मिट्टी का फर्श पर्याप्त होगा। तथापि, मिट्टी की फर्श के मामले में अधिक सावधानी बरतनी होगी।

प्रणाली

छत मोटे छापर की तहो अथवा वरीयत= सीमेंट की शीटों की बनाई जानी चाहिए। छप्पर की छत से अनावश्यक सामग्रियों के संदूषण से बचने के लिए एक नकली छत आवश्यक है। प्रवेश द्वार के अलावा, कक्ष में वायु के आने एवं निकलने के लिए कमरे के आयु एंव पश्च भाग के ऊपर एवं नीचे दोनों तरफ से रोशनदानों का भी प्रावधान किया जाना चाहिए। घर तथा कक्षा ऊर्ध्वाधर एवं अनुप्रस्थ बांस के खम्भों के ढांचो का होना चाहिए जो ऊष्मायन अवधि के उपरान्त खंडों को टांगने के लिए अपेक्षित है।

अनुप्रस्थ खम्भों को ऊष्मायन आलमारी के रूप में 3 स्तरीय प्रणाली में व्यवस्थित किया जा सकता है। खम्भे वरीयत= दीवारों से 60 सेमी दूर तथा तीनों स्तरों की प्रत्येक पंक्ति के बीच में होने चाहिए, 1 सेमी की न्यूनतम जगह बनाई रखी जानी चाहिए। 3.0ङ्क2.5ङ्क2.0 मी. का फसल कक्ष 35 से 40 क्यूबों को समायोजित करेगा।

विधि

भूसे को हाथ के यंत्र से 3-5 सेमी लम्बे टुकडों में काटिए तथा टाट की बोरी में भर दीजिए। एक ड्रम में पानी उबालिए। जब पानी उबलना शुरू हो जाए तो भूसे के साथ टाट की बोरी को उबलते पानी में रख दीजिए तथा 15-20 मिनट तक उबालिए। इसके पश्चात फेरी को ड्रम से हटा लीजिए तथा 8-10 घंटे तक पड़े रहने दीजिए ताकि अतिरिक्त पानी निकल जाए तथा चोकर को ठंडा होने दीजिए। इस बात का ध्यान रखा जाए कि ब्लॉक बनाने तक थैले को खुला न छोड़ा जाए क्योंकि ऐसा होने पर उबला हुआ चोकर संदूषित हो जाएगा। हथेलियों के बीच में चोकर को निचोड़कर चोकर की वांछित नमी तत्व का परीक्षण किया जा सकता है तथा सुनिश्चित कीजिए कि पानी की बूंदे चोकर से बाहर न निकलें।

चोकर के पाश्चुरीकृत का दूसरा तरीका भापन है। इस तरीके के लिए ड्रम में थोड़े परिवर्तन की आवश्यकता होती है (ड्रम के ढक्कन में एक छोटा छेद कीजिए तथा चोकर को उबालते समय रबर की ट्यूब से ढक्कन के चारों ओर सील लगा दीजिए) टुकड़े-टुकड़े किए गए चोकर को पहले भिगो दीजिए तथा अतिरिक्त पानी निकाल दिया जाए। ड्रम में कुछ पत्थर डाल दीजिए तथा पत्थर के स्तर तक पानी उड़ेलिए।

बांस की टोकरी में रखकर गीले चोकर को उबाल दें तथा ड्रम के अंदर पत्थर के ऊपर टोकरी को रख दें। ड्रम के ढक्कन को बंद कर दें तथा रबर की ट्यूब से ढक्कन की नेमि को सील कर दीजिए। उबले हुए पानी से उत्पन्न भाप चोकर से गुजरते हुए इसे पाश्चुरीकृत करेगी। उबालने के बाद चोकर को पहले से कीटाणुरहित किए गए बोरी में स्थानांतरित कर दिजिए तथा 8-10 घंटे तक इसे ठंडा होने के लिए छोड़ दीजिए।

अब क्या करें

लकड़ी का एक सांचा लीजिए तथा चिकने फर्श पर रख दीजिए। पटसून की दो रस्सियों ऊर्ध्वाधर एवं अनुप्रस्थ रूप में रख दीजिए। प्लास्टिक की शीट से अस्तर लगाइए जिसे पहले उबलते पानी में डुबोकर कीटाणुरहित किया गया है।

5 सेमी. के उबले चोकर को भर दीजिए तथा लकड़ी के ढक्कन की मदद से इसे सम्पीडित कीजिए तथा पूरी सतह पर स्पान को छिड़किए।

स्पानिंग की प्रथम तह के उपरान्त 5 सेमी का अन्य चोकर रखिए तथा सतह पर पुन=स्थान का छिड़काव करें तथा प्रथम तह में किए गए की तरह इसे सम्पीडित कीजिए। इस प्रकार तह पर स्पान को 4 से 6 तह तक के लिए तब तक छिड़किए जब तक चोकर सांचे के शीर्ष के स्तर तक न आ जाए। एक (1) एक पैकेट स्पान का इस्तेमाल 1 क्यूब अथवा ब्लाक के लिए किया जाना चाहिए।

आगे क्या करें

अब प्लास्टिक की शीट सांचे की शीर्ष पर मोडी जाए प्लास्टिक के नीचे पहले रखी गई पटसून की रस्सियों से उसे बांध दिया जाए।

बांधने के उपरांत सांचे को हटाया जा सकता है तथा चोकर का आयताकर खंड पीछे बच जाता है।

वायु के लिए खंड के सभी तरफ छेद (2 मिमी व्यास) बनायें।

ऊष्मायन कक्ष में ब्लॉक को रख दीजिए उन्हें सरल तह में एक दूसरे के बगल रखा जाए तथा इस बात का ध्यान रखा जाए कि उन्हें फर्श पर अथवा एक दूसरे के शीर्ष पर सीधे न रखा जाए क्योंकि इससे अतिरिक्त ऊष्मा उत्पन्न होगी।

ब्लॉक का तापमान 250 से. पर रखा जाए। ब्लॉक के छिद्रों में एक तापमापक डालकर इसे नोट किया जा सकता है। यदि तापमान 250 से. से ऊपर जाता है तो कमरे में गैस भरने की सलाह दी जाती है। तथा यदि तापमान में गिरवाट आती है, तो कमरे को धीरे-धीरे गर्म किया जाना चाहिए।

यह भी करें

पूरे पयाल में फैलने के लिए स्पान को 12 से 15 दिन लगता है तथा जब पूरा ब्लॉक सफेद हो जाए तो यह निशान है कि स्पान संचालन पूरा हो गया है।

अण्डज परिपालन के उपरांत ब्लॉक से रस्सी तथा प्लास्टिक की शीट को हटा दीजिए। नारियल की रस्सी से ब्लॉक को अनुप्रस्थ रूप में बांध दीजिए तथा इसे फसल कक्ष में लटका दीजिए। इस अवस्था से आगे कमरे की सापेक्ष आर्द्रता 85 प्रतिशत से कम नहीं होनी चाहिए। ऐसे दीवारों तथा कमरे की फर्श पर जल छिड़क करके समय-समय पर किया जा सकता है। यदि फर्श सीमेंट का है, तो सलाह दी जाती है कि फर्श पर पानी डालिए ताकि फर्श पर हमेश पानी रहे। यदि खंड हल्का से सूखने का लक्षण जिससे लगे तो स्प्रेयर के माध्यम से स्प्रे किया जा सकता है।

एक सप्ताह से 10 दिन के भीतर ब्लॉक की सतह पर छोटे-छोटे पिन शीर्ष दिखाई पड़ेगे तथा ये एक या दो दिन के भीतर पूरे आकार के मशरूम हो जाएंगे।

उपज

मशरूम प्रवाह में दिखाई पड़ते है। एक क्यूब से लगभग 2 से 3 प्रवाह काटे जा सकते है। प्रथम प्रवाह की उपज ज्यादा होती है तथा तत्पश्चात धीरे-धीरे कम होने लगती है तथा एक क्यूब से 1.5 किग्रा से 2 किग्रा तक के ताजे मशरूम की कुल उपज प्राप्त होती है। इसके बाद क्यूब को छोड़ दिया जाता है तथा फसल कक्ष से काफी दूर पर स्थित एक गड्ढे में पाट दिया जाता है अथवा बगीचे अथवा खेत में खाद के रूप में इसका इस्तेमाल किया जा सकता है।

परिरक्षण

मशरूम को ताजा खाया जा सकता है अथवा इसे सुखाया जा सकता है। चूंकि वे शीघ्र ही नष्ट हो जाने वाले प्रकृति के होते हैं तो आगे के इस्तेमाल अथवा दूरस्थ विपणन के लिए उनका परिरक्षण आवश्यक है। ओयेस्टर मशरूम को परिरक्षित करने का सबसे पुराना एवं सस्ता तरीका है धूप में सुखाना।

गर्म हवा में सुखाना कारगर उपयोग है जिसके द्वारा मशरूम को डिहाइड्रेटर (स्थानीय रूप से तैयार उपस्कर) नामक उपस्कर में सुखाया जाता है मशरूम को एक बंद कमरे में लगे हुए तार के जाल से युक्त रैक में रखा जाता है तथा गर्म हवा (500 से 550 से) 7-8 घंटे तक रैक के माध्यम से गुजरती है।

मशरूम को सुखाने के बाद इसे वायुसह डिब्बे में स्टोर किया जाता है अथवा 6-8 माह के लिए पोलीबैग में सील कर दिया जाता है। पूरी तरह से सोखने के उपरांत मशरूम अपने ताजे वजन से कम होकर एक से घट कर तैरहवां भाग रह जाता है जो सुरक्षा के आधार पर अलग-अलग होता है। मशरूम को ऊष्ण जल में भिगोकर आसानी से पुन=जलित किया जा सकता है।

रोग एवं कीट

यदि मशरूम की देखभाल न की जाए तो अनेक रोग एवं पीट इस पर हमला कर देते हैं।

रोग

हरी फफूंद (ट्राइकोडर्मा विरिडे) = यह कस्तूरा कुकुरमुत्ते में सबसे अधिक सामान्य रोग है जहां क्यूबों पर हरे रंग के धब्बे दिखाई पड़ते है।

नियंत्रण =फॉर्मालिन घोल में कपड़े को डुबोइए (40 प्रतिशत) तथा प्रभावित क्षेत्र को पोंछ दीजिए। यदि फफूंदी आधे से अधिक क्यूब पर आक्रमण करती है तो सम्पूर्ण क्यूब को हटा दिया जाना चाहिए। इस बात की सावधानी रखी जानी चाहिए कि दूषित क्यूब को पुनर्संक्रमण से बचाने के लिए फसल कक्ष से काफी दूर स्थान पर जला दिया जाए अथवा दफना दिया जाए।

कीट

मक्खियां =देखा गया है कि स्कैरिड मक्खियां, फोरिड मक्खियां, सेसिड मक्खियां कुकुरमुत्ते तथा स्पॉन की गंध पर हमला करती हैं। वे भूसी अथवा कुकुरमुत्ते अथवा उनसे पैदा होने वाले अण्डों पर अण्डे देती हैं तथा फसल को नष्ट कर देती हैं। अण्डे माइसीलियम, मशरूम पर निर्वाह करते हैं एवं फल पैदा करने वाले शरीर के अंदर प्रवेश कर जाते हैं तथा यह उपभोग के लिए अनुपयुक्त हो जाता है।

नियंत्रण = फसल की अवधि में बड़ी मक्खियों के प्रवेश को रोकने के लिए दरवाजों, खिडकियों अथवा रोशनदानों पर पर्दा लगा दीजिए यदि कोई, 30 मेश नाइलोन अथवा वायर नेट का पर्दा। मशरूम गृहों में मक्खीदान अथवा मक्खियों को भगाने की दवा का इस्तेमाल करें।

कुटकी = ये बहुत पतले एवं रेंगने वाले छोटे-छोटे कीड़े होते हैं जो कुकुरमुत्ते के शरीर पर दिखाई देते हैं। वे हानिकारक नहीं होते है, किन्तु जब वे बड़ी संख्या में मौजूद होते है तो उत्पादक उनसे चिंतित रहता है।

नियंत्रण =घर तथा पर्यावरण को साफ सुथरा रखें।

शम्बूक, घोंघा = ये पीट मशरूम के पूरे भाग को खा जाते हैं जो बाद में संक्रमित हो जाते हैं तथा वैक्टीरिया फसल के गुणवत्ता पर बुरा प्रभाव डालते हैं।

नियंत्रण = क्यूब से पीटों को हटाइए तथा उन्हें मार डालिए। साफ सुथरी स्थिति को बनाये रखें।

अन्य कीटाणु

5.कृन्तक = कृन्तकों का हमला ज्यादातर अल्प कीमत वाले मशरूम हाउसों पर पाया जाता है। वे अनाज की स्पॉन को खाते हैं तथा क्यूबों के अंदर छेद कर देते हैं।

नियंत्रण =मशरूम गृहों में चूहा विष चारे का इस्तेमाल करें। चूहों की बिलों को कांच के टुकडों एवं पलास्टर से बंद कर दें।

इन बातों का भी रखें ध्यान

जब फल बनना शुरू होता है तो हवा की जरूरत बढ़ जाती है। अत=जब एक बार फल बनना शुरू हो जाता है तो आवश्यक है कि हर 6 से 12 घण्टो बाद कमरे के सामने और पीछे दिए गए वेंटीलेटर खोलकर ताजी हवा अंदर ली जाए।

जब आवरणों की परिधि ऊपर की ओर मुड़ना शुरू हो जाती है तो फल काया (मशरूम) तोड़ने के लिए तैयार हो जाते है। ऐसा जाहिर होगा क्योंकि छोटी-छोटी सिलवटें आवरण पर दिखाई पड़ने लगती है। मशरूम को काटने के लिए अंगूठे एवं तर्जनी से आधार पर डाल को पकड़ लीजिए तथा हल्के क्लाकवाइज मोड़ से पुआल अथवा किसी छोटे मशरूम उत्पादन को विक्षोभित किए बिना मशरूम को डाल से अलग कर लीजिए। काटने के लिए चाकू अथवा कैंची का इस्तेमाल मत करें। एक सप्ताह के बाद ब्लॉक में फिर से फल आने शुरू हो जाएंगे।

अमेरिकी आर्थिक नीतियां अन्य देशों को विपरीत रूप से प्रभावित कर सकती है

प्रहलाद सबनानी

वैश्विक स्तर पर अर्थशास्त्र के वर्तमान सिद्धांत (मॉडल) विभिन्न प्रकार की आर्थिक समस्याओं को हल करने के संदर्भ में बोथरे साबित हो रहे हैं। इसलिए अमेरिकी एवं अन्य विकसित देशों के अर्थशास्त्री आज साम्यवादी एवं पूंजीवादी सिद्धांतों (मॉडल) के स्थान पर वैश्विक स्तर पर आर्थिक क्षेत्र में आ रही विभिन्न समस्याओं के हल हेतु एक तीसरे रास्ते (मॉडल) की तलाश करने में लगे हुए हैं और इस हेतु वे भारत की ओर बहुत आशाभारी नजरों से देख रहे हैं।

वैश्विक स्तर पर अमेरिकी डॉलर लगातार मजबूत हो रहा है और अंतरराष्ट्रीय बाजार में अन्य देशों की मुद्राओं की कीमत अमेरिकी डॉलर की तुलना में गिर रही है। इससे, विशेष रूप से विभिन्न वस्तुओं का आयात करने वाले देशों में वस्तुओं के आयात के साथ मुद्रा स्फीति का भी आयात हो रहा है। इन देशों में मुद्रा स्फीति बढ़ती जा रही है और इसे नियंत्रित करने के उद्देश्य से एक बार पुनः ब्याज दरों में वृद्धि की सम्भावना भी बढ़ रही है। भारतीय रिजर्व बैंक को अंतरराष्ट्रीय बाजार में भारतीय रुपए के अवमूल्यन को रोकने के लिए भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में से लगभग 5,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर को बेचना पड़ा है जिससे भारत का विदेशी मुद्रा भंडार अपने उच्चत्तम स्तर 70,500 करोड़ अमेरिकी डॉलर से घटकर 65,500 करोड़ अमेरिकी डॉलर के भी नीचे आ गया है। अमेरिकी डॉलर के लगातार मजबूत होने के चलते विश्व के लगभग सभी देशों की यही स्थिति बनती हुई दिखाई दे रही है। दूसरी ओर, अमेरिका में बजटीय घाटा एवं बाजार ऋण की राशि अपने उच्चत्तम स्तर पर पहुंच गई है एवं अमेरिका को इसे नियंत्रित करने के लिए अपनी आय में वृद्धि करना एवं व्यय को घटाना आवश्यक हो गया है। परंतु, 20 जनवरी 2025 को डॉनल्ड ट्रम्प के अमेरिका के राष्ट्रपति बनते ही सम्भव है कि ट्रम्प प्रशासन द्वारा आयकर में भारी कमी की घोषणा की जाय। डॉनल्ड ट्रम्प ने अपने चुनावी भाषण में इसके बारे में इशारा भी किया था। हां, सम्भव है कि आयकर को कम करने के चलते कुल आय में होने वाली कमी की भरपाई अमेरिका द्वारा कच्चे तेल के उत्पादन में वृद्धि कर इसके निर्यात में वृद्धि एवं अमेरिका में विभिन्न वस्तुओं के अमेरिका में होने वाले आयात पर कर में वृद्धि करने के चलते कुछ हद तक हो सके। परंतु, कुल मिलाकर यदि आय में होने वाली सम्भावित कमी की भरपाई नहीं हो पाती है तो अमेरिका में बजटीय घाटा एवं बाजार ऋण की राशि में अतुलनीय वृद्धि सम्भव है। जो एक बार पुनः अमेरिका में मुद्रा स्फीति को बढ़ा सकता है और फिर से अमेरिका में ब्याज दरों में कमी के स्थान पर वृद्धि देखने को मिल सकती है।

पूरे विश्व में पूंजीवादी नीतियों के चलते मुद्रा स्फीति को नियंत्रण में रखने के उद्देश्य से विभिन्न देशों द्वारा ब्याज दरों में वृद्धि की घोषणा की जाती रही है। किसी भी देश में मुद्रा स्फीति की दर यदि खाद्य पदार्थों की कीमतों में वृद्धि के चलते बढ़ रही है तो इसे ब्याज दरों में वृद्धि कर नियंत्रण में नहीं लाया जा सकता है। हां, खाद्य पदार्थों की बाजार में आपूर्ति बढ़ाकर जरूर मुद्रा स्फीति को तुरंत नियंत्रण में लाया जा सकता है। अतः यह मांग की तुलना में आपूर्ति सम्बंधी मुद्दा अधिक है। उत्पादों की मांग में कमी करने के उद्देश्य से बैंकों द्वारा ब्याज दरों में वृद्धि की जाती है, जिससे ऋण की लागत बढ़ती है और इसके कारण अंततः विभिन्न उत्पादों की उत्पादन लागत बढ़ती है। उत्पादन लागत के बढ़ने से इन उत्पादों की मांग बाजार में कम होती है जो अंततः इन उत्पादों के उत्पादन में कमी का कारण भी बनती है। उत्पादन में कमी अर्थात बहुराष्ट्रीय कम्पनियों द्वारा कर्मचारियों की छँटनी करने के परिणाम के रूप में भी दिखाई देती है। हाल ही के वर्षों में अमेरिका में जब मुद्रा स्फीति की दर पिछले लगभग 50 वर्षों के उच्चत्तम स्तर पर अर्थात 10 प्रतिशत के आसपास पहुंच गई थी, तब फेडरल रिजर्व द्वारा फेड दर (ब्याज दरों) को भी 0.25 प्रतिशत से बढ़ाकर 6.50 प्रतिशत तक लाया गया था, और यह दर लम्बे समय तक बनी रही थी। इसका प्रभाव, अमेरिका की सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में कार्य कर रही कम्पनियों पर अत्यधिक विपरीत रूप में पड़ता दिखाई दिया था और लगभग 2 लाख इंजीनियरों की छँटनी इन कम्पनियों द्वारा की गई थी। अतः मुद्रा स्फीति को नियंत्रण में लाने के उद्देश्य से ब्याज दरों में लगातार वृद्धि करने का निर्णय अमानवीय है एवं इसे उचित निर्णय नहीं कहा जा सकता है। ब्याज दरों में वृद्धि करने का परिणाम वैश्विक स्तर पर कोई बहुत अधिक सफल भी नहीं रहा है। अमेरिका को मुद्रा स्फीति की दर को नियंत्रण में लाने के लिए लगभग 3 वर्ष(?) का समय लग गया है और यह इस बीच ब्याज दरों को लगातार उच्च स्तर पर बनाए रखने के बावजूद सम्भव नहीं हो पाया है।

भारत में भी भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा मुद्रा स्फीति को नियंत्रित करने के उद्देश्य से रेपो दर (ब्याज दर) में पिछले लगभग 22 माह तक कोई परिवर्तन नहीं किया गया था एवं इसे उच्च स्तर पर बनाए रखा गया था जिसका असर अब भारत के आर्थिक विकास दर पर स्पष्टः दिखाई दे रहा है एवं वित्तीय वर्ष 2024-25 की द्वितीय तिमाही में भारत में सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर गिरकर 5.2 प्रतिशत रही है, जो वित्तीय वर्ष 2023-24 में 8.2 प्रतिशत की रही थी। आर्थिक विकास दर में वृद्धि दर का कम होना अर्थात देश में रोजगार के कम अवसर निर्मित होना एवं नागरिकों की आय में वृद्धि की दर का भी कम होना भी शामिल रहता है। अतः लंबे समय तक ब्याज दरों को ऊंचे स्तर पर नहीं बनाए रखा जाना चाहिए।

यह सही है कि मुद्रा स्फीति को एक दैत्य की संज्ञा भी दी जाती है और इसका सबसे अधिक विपरीत प्रभाव गरीब वर्ग पर पड़ता है। अतः किसी भी देश के लिए इसे नियंत्रण में रखना अति आवश्यक है। परंतु, मुद्रा स्फीति को नियंत्रण में रखने हेतु लगातार ब्याज दरों में वृद्धि करते जाना भी अमानवीय कृत्य है। ब्याज दरों में वृद्धि की तुलना में विभिन्न उत्पादों की बाजार में आपूर्ति बढ़ाकर मुद्रा स्फीति को तुरंत नियंत्रण में लाया जा सकता है। विभिन्न देशों की सरकारों द्वारा उत्पादों की आपूर्ति बढ़ाने हेतु प्रयास किए जाने चाहिए। आपूर्ति बढ़ाने के प्रयासों में इन उत्पादों के उत्पादन में वृद्धि करना भी शामिल होगा, कम्पनियों द्वारा उत्पादन में वृद्धि करने के साथ साथ रोजगार के नए अवसरों का निर्माण भी किया जाएगा। इस प्रकार के निर्णय देश की अर्थव्यवस्था के लिए हितकारी एवं लाभदायक साबित होंगे।

अमेरिका द्वारा आर्थिक क्षेत्र से सम्बंधित की जा रही विभिन्न घोषणाओं जैसे चीन एवं अन्य देशों से आयात की जाने वाली वस्तुओं पर आयात कर में 60 प्रतिशत से 100 प्रतिशत तक की वृद्धि करना, अमेरिका पर लगातार बढ़ रहे ऋण को कम करने हेतु किसी भी प्रकार के प्रयास नहीं करना, अमेरिकी बजटीय घाटे का लगातार बढ़ते जाना, विदेशी व्यापार के क्षेत्र में व्यापार घाटे का लगातार बढ़ते जाना, विभिन्न देशों द्वारा डीडोलराईजेशन के प्रयास करना आदि ऐसी समस्याएं हैं जिनका हल यदि शीघ्र ही नहीं निकाला गया तो अमेरिकी अर्थव्यवस्था के साथ साथ अन्य देशों की अर्थव्यवस्थाएं भी विपरीत रूप से प्रभावित हुए बिना नहीं रह सकेंगी।

प्राचीन भारत के इतिहास में मुद्रा स्फीति जैसी परेशानियों का जिक्र नहीं के बराबर मिलता है। भारतीय आर्थिक दर्शन के अनुसार भारत में उत्पादों की उपलब्धता पर विशेष ध्यान दिया जाता रहां है अतः वस्तुओं की बढ़ती मांग के स्थान पर बाजार में वस्तुओं की आपूर्ति ही अधिक रही है। ग्रामीण इलाकों में 50 अथवा 100 ग्रामों के क्लस्टर के बीच हाट (बाजार) लगाए जाते थे जहां स्थानीय स्तर पर निर्मित वस्तुओं/उत्पादों/खाद्य पदार्थों को बेचा जाता था। स्थानीय स्तर पर निर्मित की जा रही वस्तुओं को स्थानीय बाजार में ही बेचने से इन वस्तुओं के बाजार मूल्य सदैव नियंत्रण में ही रहते थे। अतः वस्तुओं की मांग की तुलना में उपलब्धता अधिक रहती थी। कई बार तो उपलब्धता का आधिक्य होने के चलते इन वस्तुओं के बाजार में दाम कम होते पाए जाते थे। इस प्रकार मुद्रा स्फीति जैसी समस्याएं दिखाई नहीं देती थीं। जबकि वर्तमान में, विभिन्न देशों के बाजारों में विभिन्न उत्पादों की उपलब्धता पर ध्यान ही नहीं दिया जा रहा है, इन वस्तुओं की मांग बढ़ने से इनकी कीमतें बढ़ने लगती हैं, और, इन कीमतों पर नियंत्रण करने के उद्देश्य से यह प्रयास किया जाने लगता है कि किस प्रकार इन वस्तुओं की मांग बाजार में कम की जाय, इसे एक नकारात्मक निर्णय ही कहा जाना चाहिए।

वैश्विक स्तर पर अर्थशास्त्र के वर्तमान सिद्धांत (मॉडल) विभिन्न प्रकार की आर्थिक समस्याओं को हल करने के संदर्भ में बोथरे साबित हो रहे हैं। इसलिए अमेरिकी एवं अन्य विकसित देशों के अर्थशास्त्री आज साम्यवादी एवं पूंजीवादी सिद्धांतों (मॉडल) के स्थान पर वैश्विक स्तर पर आर्थिक क्षेत्र में आ रही विभिन्न समस्याओं के हल हेतु एक तीसरे रास्ते (मॉडल) की तलाश करने में लगे हुए हैं और इस हेतु वे भारत की ओर बहुत आशाभारी नजरों से देख रहे हैं। प्राचीन भारतीय आर्थिक दर्शन इस संदर्भ में निश्चित ही वर्तमान समय में आ रही विभिन्न प्रकार की आर्थिक समस्याओं के हल में सहायक एवं लाभकारी सिद्ध हो सकता है।

संपादकीय

सहकार से बनेगी बात

सुप्रीम कोर्ट में बुधवार को मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति को लेकर बनाए गए 2023 के नये कानून की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई हुई। अब अगली सुनवाई 4 फरवरी को होगी। लोगों को याद होगा कि सुप्रीम कोर्ट ने 2 मार्च 2023 के अपने निर्णय में मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति के लिए प्रधानमंत्री, नेता प्रतिपक्ष और प्रधान न्यायाधीश को शामिल करते हुए एक चयन समिति का गठन किया था। इसके बाद संसद ने एक नया कानून बनाया जिसमें प्रावधान है कि चयन समिति में प्रधानमंत्री, एक केंद्रीय कैबिनेट मंत्री, नेता प्रतिपक्ष या लोक सभा में सबसे बड़े विरोधी दल के नेता शामिल होंगे। महत्त्वपूर्ण बात यह है कि इस चयन समिति से प्रधान न्यायाधीश को हटा दिया गया। इस नये कानून को लेकर विवाद है। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एड़ीआर) और मध्य प्रदेश की कांग्रेस नेता जय ठाकुर ने शीर्ष अदालत में दायर अपनी अर्जी में कहा है कि केंद्र सरकार ने अदालत के फैसले का आधार बदले बिना इसे बदल दिया। एड़ीआर की ओर से पेश वरिष्ठ वकील प्रशांत भूषण का विश्वास है कि सरकार चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति को नियंत्रित नहीं कर सकती। इससे लोकतंत्र को खतरा है। ऐसा प्रतीत होता है कि नये कानून में चयन समिति से प्रधान न्यायाधीश को हटाने के पीछे सरकार की मंशा यही रही होगी कि उसे किसी तरह की दुविधा का सामना न करना पड़े और उसे इस बात की भी आशंका रही होगी कि अगर मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति में प्रधान न्यायाधीश और नेता प्रतिपक्ष दोनों ने अपना विरोध दर्ज कर दिया तो सरकार के सामने एक असहज स्थिति पैदा हो सकती है। हालांकि गैर-सरकारी संगठन एड़ीआर और वरिष्ठ वकील प्रशांत भूषण की ओर से उठाई आपत्तियां भी विचारणीय है और इसे सिरे से खारिज नहीं किया जा सकता। अब देखने वाली बात यह है कि इस अहं मसले पर सुप्रीम कोर्ट क्या फैसला देता है। मामले की सुनवाई करते हुए शीर्ष अदालत

चिंतन-मनन

सिद्धांत गौण है, सत्ता प्रमुख

पिछले दिनों में राष्ट्रीय रंगमंच पर जिस प्रकार का राजनीतिक चरित्र उभरकर आ रहा है, वह एक गंभीर चिंता का विषय है। ऐसा लगता है, राजनीति का अर्थ देश में सुव्यवस्था बनाए रखना नहीं, अपनी सत्ता और कुर्सी बनाए रखना है। राजनीतिज्ञ का अर्थ उस नीति-निपुण व्यक्तित्व से नहीं है, जो हर कीमत पर राष्ट्र की प्रगति, विकास-विस्तार और समृद्धि को सर्वोपरी महत्व दे; किंतु उस विदूषक-विशारद व्यक्तित्व से है, जो राष्ट्र के विकास और समृद्धि को अवनति के गर्त में फेंककर भी अपनी कुर्सी को सर्वोपरि महत्व देता हो। राजनेता का अर्थ राष्ट्र को गति की दिशा में अग्रसर करने वाला नहीं, अपने दल को सत्ता की ओर अग्रसर करने वाला रह गया है। यही कारण है कि आज राष्ट्र गौण है, दल प्रमुख है। सिद्धांत गौण है, सत्ता प्रमुख है। चरित्र गौण है, कुर्सी प्रमुख है।

एक राजनेता में राष्ट्रीय चरित्र, न्याय-सिद्धांत और नेतृत्व क्षमता के गुणों की आवश्यकता नहीं, किंतु आज कुशल राजनेता वही है, जो अपने दल के लिए राष्ट्र के साथ भी विश्वासघात कर सकता हो, अपनी कुर्सी के लिए अपने दल के साथ भी विश्वासघात करने का जिसमें साहस या दुस्साहस हो।

बहुत बार मन में प्रश्न उभरता है, क्या राजनीति का अपना कोई चरित्र नहीं होता अथवा सत्ता प्राप्ति के लिए राष्ट्र, समाज, दल और व्यक्ति की विश्वासपूर्ण भावनाओं के साथ खिलवाड़ करना ही राजनीति का चरित्र होता है? जनता की कोमल भावनाओं का शोषण करके सत्तासीन होने के बाद क्या राजनेता का व्यक्तित्व जनता और राष्ट्र से भी बड़ा हो जाता है?

यदि ऐसा नहीं है तो आज की राजनीति क्यों अपने प्रिय पुत्रों, संबंधियों और चमचों-चाटुकारों के चप्रव्यूह में फंसकर रह गई है? राष्ट्र को स्थिर नेतृत्व प्रदान करने के नाम पर क्यों सिद्धांतहीन समझौते और स्तरहीन कलाबाजियां दिखाई जा रही हैं? संप्रदायवाद, जातिवाद, भाषावाद और प्रांतवाद को भड़का करके क्यों सत्ता की गोटियां बिठाई जा रही हैं? आज की राजनीति को देखकर मन ग्लानि और वितृष्णा से भर जाता है। आखिर यह सबकुछ कब तक चलता रहेगा?

लाल बहादुर शास्त्री पुण्य तिथि पर विशेषः ईमानदार और सादगीपूर्ण नेतृत्व की मिसाल

ईमानदार कर्तव्यनिष्ठ व्यक्तित्व के धनी और भारत के द्वितीय प्रधानमंत्री को उनकी गरिमानुरूप याद नहीं किया जाता। शास्त्री जी भारत के ऐसे कुछ गिने चुने सपूतों में से हैं जिनका भारत की स्वतंत्रता और स्वतंत्र भारत में बड़ी अहम भूमिका रही है। उन्होंने जहाँ भारत की आजादी के लिये जी जान एक किया तो वहीं स्वतंत्र भारत के नव निर्माण में अपना जीवन दिया। ऐसे महान चरित्र के स्वामी थे शास्त्री जी। भारत का यह लाल दो अक्टूबर सन् 1904 को उत्तर प्रदेश स्थित मुगलसराय में जन्मा था। इनके पिता का नाम शारदा प्रसाद श्रीवास्तव था। ये पेशे से अध्यापक थे। शास्त्री जी को अपने पिता का सानिध्य ज्यादा दिनों तक नही प्राप्त हो सका, मात्र दो वर्ष की अल्पायु में ही उनके पिता का स्वर्गवास हो गया था। इसके बाद वे अपने नाना के यहाँ उन्नाव चले गये। बचपन से ही उन्होंने आर्थिक व सामाजिक समस्याओं का सामना किया। इन्हीं सब के चलते उनके व्यक्तित्व में दृढ़ता एवं जुझारूपन का रुझान बढ़ता चला गया, और जो बाद में उनके व्यक्तित्व का एक प्रमुख पहचान बना। उनका यही आत्मबल एक दिन उन्हें स्वतंत्रता संग्राम सेनानी से लेकर कांग्रेस महासचिव, रेल मंत्री और प्रधानमंत्री पद तक प्रतिष्ठित किया।

लाल बहादुर ने 1925 में काशी विद्यापीठ से परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया एवं 1927 में इनका विवाह हो गया। शास्त्री जी जब युवा थे तब की एक घटना का उल्लेख है, यह घटना उनके आत्म बल, सहनशीलता दृढप्रतिज्ञ स्वभाव का एक उदाहरण है। वे विद्यालय जाने के नदी पार कर पढ़ने जाते थे, तो इसी क्रम में वे रामनगर गंगातट पर नाव घाट के पास पहुँचे तो उन्होंने देखा कि नाव में बैठने के लिये उनके पास पैसे तो हैं नहीं। नाव वाले ने भी बैठाने से इंकार कर दिया, और तो और अन्य सहपाठी जो नाव में बैठे थे, उन्होंने उनका उपहास किया। पर वे क्रोधित होने की बजाय



तुरंत कपड़े उतारकर फिर पुस्तकें व कपड़े एक हाथ में रखकर पानी में कूद पड़े और तैरकर उस पार पहुँच और समय पर ही अपनी उपस्थिति स्कूल में दर्ज कराई। ऐसा एक बार नही अनेक बार हुआ। घर की आर्थिक स्थिति ने भी उन्हें ऐसा करने के लिये मजबूर किया।

जब ललितादेवी के साथ उनका व्याह हुआ तो उन्होंने पहले से ही दहेज एवं विवाह के तामझाम के लिये मना कर दिया था। लड़की वालों के यहां एकदम सादगीपूर्ण विवाह संपन्न हुआ था। शास्त्री जो सर्वगुण सम्पन्न व्यक्ति थे। देश, समाज और जनता के आम जरुरतों उनकी समस्याओं पर ही चिंतन विशेष तौर पर करते थे। ये नेकी के साक्षात मूर्ति थे। शास्त्री जी अपने किशोरावस्था से ही स्वतंत्रता संग्राम में कुद पड़े थे। स्वतंत्रता संग्राम के उनके साथी गोविंद वल्लभ पंत, रफी अहमद किदवई. डॉ. राजेंद्र प्रसाद, जयनारायण व्यास महावीर त्यागी, कामरेड रामकिशन, आचार्य कृपलानी, मोहम्मद अब्दुल कलाम आजाद, सी. राजगोपालाचारी, गफ्फार खान शंकर राव देव, बाबू पुरुषोत्तम दास टेंडन, बाबा मग सिंह और प्रकाश नारायण आदि थे। इनके साथियों पर भी इनकी छाप का गहरा असर हुआ। गाँधीजी के साथ उन्होंने असहयोग आंदोलन के संचालन पर खूब मेहनत की।

1947 में भारत आजाद हुआ. और नेहरूजी भारत के पहले प्रधानमंत्री बने। 1951 में नेहरूजी जब भारत के प्रधानमंत्री एवं कांग्रेस अध्यक्ष थे, तब उन्होंने शास्त्रीजी को कांग्रेस का महासचिव नियुक्त किया। कुछ समय बाद नेहरु जी ने उन्हें रेल व परिवहन विभाग का मंत्रीपद सौपा। उनके ईमानदारी का परिचय इस पद पर भी देखने को मिला. जबकि एक रेल दुर्घटना की जिम्मेदारी अपने ऊपर लेते हुये उन्होंने पद से इस्तीफा दे दिया। नेहरू हर जी के लाख कहने पर भी इस्तीफा वापस नहीं लिया। यह था उनका कर्तव्य एवं दायित्व बोध ऐसी नैतिकता और सदभावता आज कहीं देखने को नहीं मिलती। दूसरे आम चुनाव मे लाल बहादुर पुनः भारी मतों से जीतकर संसद में पहुँचे और पुनः परिवहन, यातायात और उद्योग मंत्रालय का कार्यभार सम्हाला। कुछ समय बाद सन् 1960 में गृहमंत्री गोविंद वल्लभ पंत के अस्वस्थ हो जाने पर शास्त्री जी को गृह मंत्रालय का भी कार्यभार सम्हालना पड़ा। ऐसे ही जब एक बार किसी कपड़ा मिल का अवलोकन कर रहे थे तव वहाँ के अधिकारियों व कर्मियों ने शास्त्री जी की पत्नी के लिये उन्हें एक उत्तम किस्म की साडी भेंट करनी चाही, तभी उन्होंने उसका दाम पूछा और कहा कि इतने ऊंचे दाम की साड़ी मैं नहीं खरीद सकता, जबकि वे भेंट करना चाहते थे लेकिन उन्होंने उसे वापस कर दिया। क्या ऐसी सादगी, एवं ईमानदारी व भोलापन आज के किसी मंत्री, या अधिकारी में है?

सन 1964 के 27 मई को प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू की मृत्यु के बाद सभी के सामने यह सवाल था कि अब भारत का अगला प्रधानमंत्री कौन होगा..? आखिरकार सर्वसम्मति से शास्त्रीजी को प्रधानमंत्री बनाया गया। इसका मुख्य कारण था. उनका व्यवहार एवं व्यक्तित्व, चरित्र की सादगी। जिससे सभी प्रभावित थे। निम्न वर्ग के प्रति उनकी हमदर्दी प्रसिद्ध है। उनका लक्ष्य हमेशा भारत से गरीबी और बेरोजगारी दूर करने का रहा। वहीं वे अनुशासन के बड़े पाबंद थे। दूसरों से भी अनुशासन की इच्छा रखते थे। शास्त्री जी के शासनकाल में ही पाकिस्तान ने भारत पर हमला कर दिया था। वहाँ के शासकों की यह सोच थी कि अब भारत की बागडोर कमजोर प्रधानमंत्री के हाथों में है। इससे अच्छा अवसर हमले के लिये फिर नही मिलेगा। पर उनकी आशाओं के विपरीत पाकिस्तान को मुंह की खानी पड़ी और वह युद्ध में बुरी तरह से परास्त हुआ। इसी युद्ध के दौरान शास्त्री ने भारत के सैनिकों का हौसला बढ़ाने के लिये 'जय जवान जय किसानरू का जगत विख्यात नारा दिया था।' जनवरी 1966 को ताशकंद में उनका निधन हो गया।

वर्तमान में कोई भी राजनीतिज्ञ शास्त्रीजी के दिखाये गये रास्तों पर नहीं चलना चाहता। शास्त्री जी सादगी, ईमानदारी दायित्वबोध, जनता से प्रत्यक्ष संबंध एवं दृढ़ता आज के असंयमित अशिष्ट अलोकतांत्रिक, स्वार्थी और पश्चिमी सभ्यता की ओढने वाले हमारे देश के कर्णधारों को रास नहीं है। अभी भी हमारे नेता मंत्री एवं अधिकारी उनके बताये मार्ग पर चले तो देश विकास की ऊंचाइयों और नैतिकता को स्पर्श कर लेगा।

'क्या हुआ गर मिट गये. अपने वतन के वास्ते।
बुलबुले कुरबान होते हैं, चमन के वास्ते। ।'

-सुरेश सिंह बैस 'शाश्वत'

बिगड़े.बोल : कब समझदार बनेंगे माननीय



रजनीश कपूर

चुनावी सभा हो या संसद सदन जब भी नेताओं के बोल बिगड़ते हैं तो सुर्खियां बनते देर नहीं लगती। परंतु सोचने वाली बात यह है कि जहां एक ओर हमारे देश में राजनेताओं की एक जमात ऐसी थी जो नैतिकता का पालन करती थी। वहीं दूसरी ओर बीते कुछ वर्षों से राजनेताओं के बयानों में आपको अभद्रता के कई उदाहरण मिलेंगे। दल चाहे कोई भी हो नेताओं की जबान फिसलते देर नहीं लगती। फिर वो चाहे किसी पुरुष नेता का महिला के संदर्भ में दिया गया बयान हो, किस धर्म या जाति विशेष के लोगों के खिलाफ दिया गया बयान हो या किस महिला नेता का किसी आम आदमी को धमकाने वाला बयान हो। नेता अपनी कुर्सी की गर्मी और अहंकार के चलते सभी हदें पार कर देते हैं।

